भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

जागरूक जनता

जयपुर, 7 फरवरी - 13 फरवरी, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वादशी, संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-50, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

पद्मश्री लौटाने के मायने? 'मीठा-मीठा गप-कप, कड़वा-कड़वा थू'

सटीक

शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

हमारे देश में हमारी सरकार ने कुछ अच्छा करने वालों के लिए सम्मान स्वरूप कुछ अवॉर्ड देने की व्यवस्था की हुई है। अलग-अलग क्षेत्रों में कुछ विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों को अलग-अलग पदक सम्मान स्वरूप दिए जाते रहे हैं। इनमें उपलब्धि अनुसार छोटे से लेकर बड़ा पदक शामिल हैं। पदक कई निजी सामाजिक संस्थाएं भी देती हैं। हालांकि सम्मान के लिए तो कहते हैं न कि 'मान का तो पान' ही बहुत होता है। यहां तो मान-सम्मान के साथ नगद राशि भी दी जाती है। कई जगह और कई कार्यों के लिए तो गाड़ी, मकान, फ्लैट व जमीन वगैरह-वगैरह दिए जाते हैं। मगर कुछ लोग किसी बात से नाराज हो जाते हैं तो वे पदक वापस लौटा देते हैं। मैंने अपनी याद में पहली बार 1984 में प्रख्यात लेखक स्व. डॉ.खुशवंत सिंह के पदक लौटाने की खबरें पढ़ी थी। उन्होंने स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने (ब्लू स्टार ऑपरेशन) के खिलाफ अपना पदक लौटाया था। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को पदक लौटाया था। उसके बाद काफी समय तक ऐसा कोई प्रकरण पदक लौटाने का नहीं आया। मगर, पिछले कुछ समय से यानि की जब से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने हैं तब से लोगों में पदक लौटाने का बड़ा प्रचलन सा देखने को मिला है। थोक के भाव में पदक लौटाने की घोषणा समाचारों के माध्यम से पढ़ने और सुनने को मिलती रही है। कई बार लोगों से कहते हुए सुना जाता है कि यह तो वामपंथी विचारधारा का है इसलिए लौटा रहा है। अरे भाई, विचारधारा कोई सी भी हो पदक क्यों लौटा रहे हो। पदक तो आपके अच्छे काम के लिए आपको प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया है। सम्मान कभी लौटाने की चीज नहीं होती है। सम्मान कोई किसी को ऐसे ही नहीं मिल जाता। बड़ी मुश्किलों से मिलता है। लोग सम्मान के लिए तरसते रहते हैं। पैसा, घर, घोड़ा, गाड़ी सब कुछ आदमी अपने दम पर बसा लेता है। मगर सम्मान बड़ी मुश्किल से मिलता है। लोग तो मंच पर जगह मिल जाने को ही बड़ा सम्मान मान लेते हैं। सम्मान कब मिलता है जब सम्मान देने वाले को यह लगता है कि फलां आदमी इस सम्मान को पाने का हकदार है। तब जाकर मिलता है सम्मान। मगर जिन लोगों के हृदय में सम्मान की कोई कीमत नहीं होती है वह सम्मान की कीमत नहीं जान सकता। कोई भी बात मन मुताबिक नहीं हुई, पदक लौटाने की बात कहने लग जाते हैं। अगर सम्मान की इतनी सी ही अहमियत है तो फिर मंच पर जाकर, अपने परिजनों को कार्यक्रमों में बुलाकर क्यों ग्रहण करते हो पदक! अगर पदक लौटाना है तो पदक के साथ जो राशि, नौकरी, शॉल, सम्मान, जो वहां खाया-पिया, सब कुछ लौटाओ। यहां तक कि नौकरी से जो राशि प्राप्त की है वह भी लौटानी चाहिए। इसके बाद टीवी तथा अखबारों में खबरें प्रकाशित कराओ, विज्ञापन के द्वारा आमजनता को सूचित करो कि हम इस पदक (सम्मान) के योग्य नहीं थे। हमारा गलत आंकलन किया गया। इसलिए हम इस सम्मान को लौटा रहे हैं। विरोध दर्ज कराने के नाम पर मात्र पदक को लौटा देते हैं। बाकी सब हजम कर लेते हैं। 'मीठा-मीठा गप-कप, कड़वा-कड़वा थू'। ऐसा नहीं चलता।

Shivdayalmishra@gmail.com

पब्लिक एग्जामिनेशन बिल लोकसभा से पास

पेपर लीक-चीटिंग पर 10 साल जेल, 1 करोड़ रुपए जुर्माना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार को इन पर रोक लगाने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत साधनों की रोकथाम) बिल पास कर दिया गया। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा। यह बिल कानून बनाता है तो पुलिस बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा। इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों (नगर निगम और पंचायत) में आरक्षण पर चर्चा से शुरू हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार 5 फरवरी को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर

लोकल बॉडीज लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2024 पेश किया था। इधर, राज्यसभा में कंसीडरेशन द कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर (अमेंडमेंट) बिल 2024 और कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर्स (अमेंडमेंट) बिल 2024 पर चर्चा शुरू हुई।

सरकार ने अब तक जम्मू-कश्मीर विस चुनाव की तारीख नहीं बताई- नेशनल कॉन्फ्रेंस

बिल पर चर्चा करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता हसनैन मसूदी ने कहा कि सरकार ने अब तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीख तय नहीं की है। आर्टिकल 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए जाने की अंतिम सीमा तय कर दी थी, लेकिन सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया, ये शर्म की बात है।उधर, TMC के सौगत रॉय ने आरोप लगाया कि भाजपा को स्थानीय निकाय चुनावों पर विश्वास ही नहीं है। सरकार को जम्मू-कश्मीर में जल्दी चुनाव कराने चाहिए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जो हुआ, उसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में बात कही है।

मोहन बने मुख्य न्यायाधिपति

राज्यपाल मिश्र ने मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्रीवास्तव ने हिंदी में शपथ ली। समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यपाल से श्रीवास्तव को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधिपति की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट में 44 वर्षीय अविवाहिता की मां बनने वाली अर्जी खारिज

हम पश्चिमी देश नहीं, बिना शादी के मां बनना समाज के खिलाफ...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक 44 वर्षीय अविवाहिता की मां बनने वाली अर्जी को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए हुए कहा कि हम पश्चिमी देश नहीं हैं। शादी व्यवस्था की रक्षा और संरक्षण किया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा हम पश्चिमी देशों की तरह इसकी इजाजत नहीं दे सकते हैं, जहां बिना विवाह के ही सन्तान उत्पत्ति की इजाजत मिल जाती है। न्यायमूर्ति बीबी नागरथाना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि भारत में अविवाहिता का बच्चे को जन्म देना समाज के नियम के बजाय अपवाद है।

कोर्ट ने कही ये बात

कोर्ट ने कहा "यहां शादी व्यवस्था में मां बनना एक आदर्श माना जाता है। शादी के बिना संतान को जन्म देने कोई आदर्श नहीं है। हम इसके बारे में चिंतित हैं। हम बच्चे के कल्याण के दृष्टिकोण से बात कर रहे हैं। ऐसा करने से शादी व्यवस्था देश में बचेगी या या नहीं? हम पश्चिमी देशों की तरह नहीं हैं। शादी की व्यवस्था की रक्षा और संरक्षण किया जाना चाहिए। आप हमें रूढ़िवादी करार दे सकते हैं और हम इसे स्वीकार करते हैं।''

सरोगेसी रेगुलेशन एक्ट को दी थी चुनौती

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से बिना शादी के संतान को जन्म देने की इजाजत मांगने वाली 44 वर्षीय सिंगल वूमन एक बहुदेशीय कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत में सरोगेसी रेगुलेशन एक्ट की धारा 2S की वैधता को रद्द करने के लिए याचिका दाखिल की थी।

ये महिलाएं सरोगेसी से कर सकती हैं चाइल्ड प्लान

जानकारी के लिए बता दें कि सरोगेसी रेगुलेशन एक्ट के तहत, केवल उन महिलाओं को संतान उत्पत्ति का अधिकार है, जो विधवा हों या तलाशकशुदा हों। इसके अलावा उनकी आयु 35 साल से 45 साल के बीच होनी चाहिए।

कोर्ट ने दिया ये सुझाव : गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महिला को बच्चा गोद लेने की सलाह दी है। हालांकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने वेटिंग पीरियड का हवाला देते हुए सुझाव को इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, "44 साल की उम्र में सरोगेट बच्चे को पालना और बड़ा करना मुश्किल होता है। आपको जीवन में सब कुछ नहीं मिल सकता। याचिकाकर्ता अकेला रहना पसंद करती हैं। हम समाज और शादी व्यवस्था के बारे में भी चिंतित हैं. हम पश्चिम जैसे नहीं हैं, जहां कई बच्चे अपनी मां और पिता के बारे में नहीं जानते हैं। हम नहीं चाहते कि बच्चे अपने माता-पिता के बारे में जाने बिना यहां घूमें।''

मुख्यमंत्री का भरतपुर दौरा : जनसुनवाई से आमजन की समस्याओं का करें त्वरित समाधान

कार्यालयों से कोई भी नागरिक निराश नहीं लौटे-मुख्यमंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए। सभी विभाग योजना बनाकर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कार्यों को पूरा करें। उन्होंने प्रदेश को अपराध मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिये सभी विभागां को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री शर्मा भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि आमजन की परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला, उपखण्ड सहित ग्राम पंचायत स्तर तक के

कार्यालयों में औचक निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने की दिशा में नियमित रूप से जन सुनवाई करते हुए योजनाओं की मॉनिटरिंग कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने संभाग स्तरीय बैठक में चिकित्सा सुविधाओं, कानून-व्यवस्था, बिजली, पेयजल आपूर्ति की स्थिति, जल जीवन मिशन की प्रगति, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।

समस्याओं का करें समाधान

मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षकों को नियमित रूप से जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान स्थानीय स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों में महत्वपूर्ण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही, इन कार्यों को समय से पूरा करने के भी निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नागरिक कार्यालयों से निराश होकर नहीं लौटे।

ANCHOR | समान आचार संहिता विधेयक

अब उत्तराखंड में कोई बच्चा नहीं कहलाएगा 'नाजायज'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। उत्तराखंड में अब कोई भी बच्चा 'नाजायज' नहीं कहलाएगा। उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को समान आचार संहिता विधेयक पेश किया है जो कभी भी कानून के रूप ले सकता है। उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में तैयार इस संहिता में कई विशिष्ट प्रावधान किए हैं। जिससे देश की दिशा और दशा दोनों की बदलने जा रही है। उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य होने जा रहा है जो समान आचार संहिता को कानून बनाकर लागू करने की तैयारी में है।

अब कोई 'नाजायज' नहीं

उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहित विधेयक में वैध और नाजायज बच्चों के बीच के अंतर को समाप्त कर दिया गया है। फिर चाहे वह किसी भी धर्म से संबंध रखते हों। विधेयक में गोद लिए गए, सरोगेसी या अन्य प्रजनन तकनीक के माध्यम से पैदा हुए बच्चों को अन्य जैविक बच्चों के समान माना गया है।

लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य

उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य होगा जहां लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण होगा। सबसे बड़ी बात यह है 21 वर्ष से पहले अगर कोई लड़की या लड़का ऐसा करना चाहेगा तो उसे माता और पिता की सहमति लेना अनिवार्य होगा। पंजीकरण में अगर गलत जानकारी दी तो 3 माह की जेल और 25 हजार रुपए जुर्माना होगा। पंजीकरण न कराया तो छह माह की जेल और 25 हजार जुर्माना होगा।

संपत्ति में समान अधिकारी

समान नागरिक संहित विधेयक में बेटे और बेटी दोनों के लिए पैतृक संपत्ति में समान रूप से अधिकार सुनिश्चित करने का प्रावधान किया है। कई परिवार अपनी बेटियों को संपत्ति नहीं देते थे। इसके कारण यह प्रावधान विस्तृत रूप से किया गया है।

अब तलाक की एक प्रक्रिया

तलाक के लिए विधेयक में एक ही कानून लागू किया गया है। साथ ही बहुविवाह को खत्म कर दिया गया है। सभी धर्मों की लड़कियों के लिए समान वैवाहिक उम्र और तलाक के लिए एक समान प्रक्रिया रखी गई है। मुस्लिम महिलाओं के लिए हलाला और इद्दत जैसी इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगेगा।

जंतर-मंतर पर पर्यटकों की बहार

जयपुर @ जागरूक जनता। राजधानी जयपुर में पर्यटकों की चहल-कदमी बदस्तूर जारी है। जंतर-मंतर पर इन दिनों देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर विश्व विरासत में शामिल है।

विश्व हिंदू परिषद ने भी ड्रेस कोड लागू करने की मांग दोहराई

स्कूलों में ड्रेस पहनने पर ही मिलेगा प्रवेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान में स्कूलों में हिजाब पहनने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इससे पहले कर्नाटक में हुआ था। राजस्थान के स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने चेतावनी दी है कि जहां भी ड्रेस कोड का पालन नहीं किया जा रहा है, वहां सख़्त कार्रवाई होगी। साथ ही, विद्यालयों में माँ सरस्वती की मूर्ति भी रखी जानी चाहिए। गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेधम ने भी कहा है कि छात्रों को 'ऊट-पटांग कपड़े' पहनकर स्कूल नहीं आना चाहिए।

स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि स्कूलों और अन्य सरकारी संस्थानों को ड्रेस कोड के संबंध में दिए गए सरकारी आदेशों का पालन करना होगा। छात्रों को भी ड्रेस कोड का पालन करना होगा। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, कार्रवाई होगी। स्कूल ड्रेस के अलावा अन्य परिधान में विद्यार्थी को विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा।

गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेधम ने भी कहा है कि जब हम पढ़ते थे, तो स्कूल ड्रेस में जाते थे और छात्रों को ड्रेस में ही स्कूल आने की इजाज़त दी जानी चाहिए। उन्हें स्कूल ड्रेस में ही आना चाहिए, ऊट-पटांग कपड़ों में नहीं। स्कूल शिक्षा का मंदिर हैं और ड्रेस से अनुशासन आता है।

विश्व हिंदू परिषद ने भी स्कूलों में ड्रेस कोड लागू करने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने भी अनुशासन का तुर्रा दोहराया। कहा कि स्कूलों में यूनिफ़ॉर्म का मक़सद छात्रों में समानता की भावना पैदा करना है। उनके कपड़ों की वजह से किसी भी तरह का सामाजिक, आर्थिक या धार्मिक भेदभाव नहीं होना चाहिए। इससे पहले, सरकारी विद्यालय के कार्यक्रम में हवा महल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने सरकारी स्कूल में लड़कियों के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी। स्कूल प्रशासन को हड़काया था, भाषण दिया था। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी कहा था कि वो मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बात करेंगे, कि सरकारी और निजी स्कूलों में सिर ढकने पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसकी प्रतिक्रिया में कुछ मुस्लिम छात्रों ने जयपुर के सुभाष चौक पुलिस स्टेशन का घेराव किया और मांग की, कि विधायक स्कूलों का माहौल ख़राब न करें और अपने किए की माफ़ी मांगें। हालांकि विद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी विद्यालय की गतिविधियों पर प्रश्नचिह्न लगाया। वहां सरस्वती माता की तस्वीर नहीं लगाई हुई है। प्रार्थना नहीं होती है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलेगी 'रेडीमेड यूनिफॉर्म'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों को भी अब रेडिमेड यूनिफॉर्म मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से इसके आदेश जारी करने बाद इनका वितरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। ड्रेसों के बंडल परियोजना कार्यालयों को आवंटित किए जा चुके हैं। सरकारी स्कूलों की तर्ज पर आंगनबाड़ी में अध्ययनरत 3 से 6 साल तक के नामांकित बच्चों को स्कूल ड्रेसें मिलेंगी। इससे टोंक जिले के 1486 आंगनबाड़ी के 29760 बच्चे लाभांवित होंगे। अब तक सरकारी स्कूलों के बच्चों को केवल यूनिफार्म का कपड़ा मिलता है, जबकि आंगनबाड़ी के नामांकित बच्चों को पहली बार ही रेडिमेड दो-दो ड्रेसें मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रदेश में कुल स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 55,816 और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 6,204 है।

इन जिलों में कितनी यूनिफॉर्म मिली : आंगनबाड़ी केंद्रों एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शाला पूर्व शिक्षा के अंतर्गत पंजीकृत 3 से 4 वर्ष के 12940, 4 से पांच वर्ष के 12229, पांच से 6 वर्ष के 4591 बच्चे नामांकित हैं। जिले में 29760 नामांकित है। जिले को कुल 59520 ड्रेसें आवंटित हुई है। जबकि सवाईमाधोपुर, करौली व दौसा जिलों में कुल चिह्नि एक लाख 25 हजार 646 बच्चों के लिए 2 लाख 51 हजार 292 हजार ड्रेसें आवंटित हुई है।

125.80 करोड़ रुपए का बजट खर्च : योजना के तहत पूरे प्रदेश में करीब 125.80 करोड़ रुपए का बजट खर्च हुआ है। प्रत्येक बच्चे को 2 सेट रेडीमेड यूनिफॉर्म (दो टी-शर्ट एवं दो पेन्ट) उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य में 62 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। इनके लगभग 16.89 लाख बच्चों को यूनिफॉर्म दी जाएंगी।

आचार संहिता के चलते अटका था वितरण : गौरतलब है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के करीब 62 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को 2-2 सेट यूनि फॉर्म देने की घोषणा की थी, लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण वितरण अटक गया था। अब चुनाव के बाद नई राज्य सरकार से आदेश मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन यूनिफार्म को वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी जिलों से आई डिमांड के अनुसार प्रति बालक-बालिका दो-दो रेडिमेड यूनिफार्म भिजवाना शुरू कर दी हैं। यहां जिला मुख्यालय पर जिले के 1486 आंगनबाड़ी में नामांकित 29760 बच्चों की यूनिफार्म भिजवा दी है।

गृह-गृह यज्ञ अभियान के तहत निकाली व्यसन मुक्ति रैली

जयपुर @ जागरूक जनता। व्यसन मुक्ति रैली के साथ मुरलीपुरा क्षेत्र में गृह गृह यज्ञ अभियान का श्री गणेश किया गया। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के ट्रस्टी प्रहलाद शर्मा और गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के कार्यकर्ता मनोज पारीक की अगुवाई में मुरलीपुरा के विकास नगर विस्तार के 11 घरों में यज्ञ हुआ। यज्ञ से पहले प्रभातफेरी के रूप में व्यसन मुक्ति रैली निकाली गई। सभी यजमान और कार्यकर्ता श्री राधा कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। स्थानीय निवासियों के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने नशा नाश की जड़ है भाई इसने ही सब आग लगाई...., गांजा भांग शराब तंबाकू तन मन के ये सब डाकू..., बीड़ी पीकर खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है... जैसे नारे लगाते हुए व्यसन मुक्ति रैली कॉलोनी के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। उसके बाद कॉलोनी के 11 अलग-अलग स्थानों पर गायत्री यज्ञ किया गया। विश्व कल्याण की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित कीं। प्रहलाद शर्मा,. रामेश्वर प्रसाद शर्मा, गणपत वर्मा, गोपाल पारीक, मोहिनी सैनी, हर्ष मिश्रा, विनीता मिश्रा, के सी कौशिक, उमाशंकर खंडेलवाल, महेश सैनी, सीताराम शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, पुष्पा पारीक, ज्योति शर्मा ने यज्ञ के आचार्य और सहायक के रूप समयदान किया। सभी घरों में देव स्थापना कर पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित साहित्य भेंट किया। यजमानों ने प्रतिदिन गायत्री महामंत्र का जप और नियमित स्वाध्याय करने का संकल्प लिया। आगामी रविवार 11 फरवरी को भी 11 स्थानों पर हवन होगा।

अल्बा वॉचेस अब राजस्थान में

जयपुर @ जागरूक जनता। जापान की प्रतिष्ठित घड़ी निर्माता कंपनी सीको की सहयोगी संस्था अल्बा वॉचेस अब जयपुर और अजमेर के प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध है। अजमेर- मिनट्स 2 स्टाइल जयपुर- दी वॉच फैक्टरी, मेट्रो टाइम्स, ओंकार, नीलकंठ वॉच कंपनी, कृष्णा वॉच कंपनी,बी.के. संस,राधा स्वामी वॉच कंपनी, लाइफ स्टाइल वॉच कलेक्शन, कम्पनी के सेल्स मैनेजर- नॉर्थ विशाल शर्मा एवं डिस्ट्रीब्यूटर लितेश चंदनानी ने बताया आने वाले कुछ ही समय में कंपनी राजस्थान के सभी प्रमुख शहरों में उपलब्द होगी। कंपनी के जनरल मैनेजर नॉर्थ और वेस्ट राजीव मल्होत्रा ने बताया कि अल्बा वॉचेस अपनी अद्वितीय डिजाइन, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं किफायती मूल्य के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है और होरोलॉजी की दुनिया में, अल्बा वॉचेज एक ऐसे ब्रांड के रूप में खड़ा है जिसने लगातार गुणवत्ता, शैली और सामर्थ्य प्रदान की है। दशकों पुरानी समृद्ध विरासत के साथ, अल्बा वॉचेस ने ऐसी घड़ियाँ तैयार करने के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है जो न केवल सटीक हैं बल्कि स्टाइलिश भी हैं।

धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

जयपुर/चौमूं @ जागरूक जनता। शिवाजी सेवा संस्था और उनकी 27 सहायक संस्थाओं ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अध्यक्ष संतोष बुनकर, सचिव शिव कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी, मदन गुर्जर, सलाहकार धर्मेन्द्र घसिया, रोशन लाल डुडलोदिया, छात्रावास संस्थापक नरेश कुमार पडिहार, राजेश वर्मा, शिवाजी शिक्षा समिति पिंकी रजवानिमा, एचआर हेमलता महावर, सोनू वर्मा, वाहिद खान, सविता शर्मा, सपना, सुनील गंगवाल सहित लोग उपस्थित थे। इसके अलावा महिला बाल विकास से (बचपन पाठशाला) से ऊषा शर्मा, पूनम सुरेला, कांता, महिला सहायक एवं न्यायिक सलाहकार संस्था से राधिका मेहरवाल, नवरत्न, धर्मेन्द्र, राजेन्द्र वर्मा संस्था के संगठन अधिकारी, उड़नदस्ता, गौशाला हॉस्पिटल से वाहिद खान, सुनीता गंगवाल, राजू चौहान, सजम रजवानिया, पूरणमल गंगवाल, श्यामसुंदर चौहान ने अलग-अलग संस्थाओं पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।

धूमधाम से मनाया श्री दादी मंगल उत्सव

जयपुर @ जागरूक जनता। नव चेतना ग्रुप, झोटवाड़ा के तत्वाधान मे आयोजित द्वितीय श्री दादी मंगल उत्सव का विशाल आयोजन बीते दिनों श्री गणेश मंदिर स्थित कार्यक्रम हॉल तारानगर, झोटवाड़ा में दादी भक्तों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर रानी सती दादी का फूलों से विशाल दरबार सजाया गया था, छप्पन भोग का भोग दादी को लगाया गया। साथ ही, अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम स्थल पर पुष्पवर्षा-इत्रवर्षा होते रहने से वातावरण एव कार्यक्रम स्थल सुगंधित/ दादी की भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी आनंद गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मंजू गुप्ता झोटवाड़ा कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत सभी ने भोग -प्रसादी ग्रहण की, दादी मंगल पाठ के सफल आयोजन मे ग्रुप की संस्थापक संयोजका प्रियंका गोयल, मंजू अग्रवाल, निशा गोयल, अनीता अग्रवाल, अनीता यादव, शर्मीला रूंगटा, किरण अग्रवाल, प्रियंका बंसल, लक्ष्मी अग्रवाल एव समस्त संस्थापक सदस्यों एवं कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम स्थल पर घनश्याम गोयल के देखरेख मे अखंड ज्योत निरंतर प्रज्वलित होती रही।

हसनपुरा में गरजा बुलडोजर, मच गया हडकंप, इधर-उधर भागने लगे लोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। हसनपुरा में सुबह हैरिटेज नगर निगम को बुलडोजर गरजा तो बाजार में हड़कंप मच गया। पुलिस जाप्ते के बीच निगम ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदारों में हडकंप मच गया। दुकानदारों ने सड़क से सामान समेटना शुरू कर दिया, इस बीच निगन ने जेसीबी से सड़क सीमा से अतिक्रमण को हटाते हुए ठेले व अन्य सामानों को डंपर में डालना शुरू कर दिया। हसनपुरा में एनबीसी रोड पर निगम दस्ते ने कार्रवाई शुरू की। जाप्ते व संसाधनों के साथ पहुंचे निगम दस्ते ने एक साथ सड़क के दोनों ओर कार्रवाई शुरू की। हटवाड़ा चौराहे से निगम प्रशासन ने जेसीबी चलाना शुरू किया, इस बीच सड़क सीमा में करीब 15 फीट तक हो रहे अतिक्रमणों को हटाना शुरू किया, वहीं अवैध निर्माणों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। एक साथ सड़क के दोनों ओर शुरू हुई कार्रवाई को देख दुकानदारों में हलचल मच गई। दुकानदार सड़क सीमा से सामान समेटने में जुट गए। वहीं सड़क पर खड़े ठेले वाले अपने ठेलों को इधर–उधर लेजाते नजर आए। इस बीच सतर्कता शाखा के उपनिरीक्षण नवनीत शर्मा के नेतृत्व में निगम दस्ते ने करीब 7 से 8 फीट तक सड़क सीमा पर हो रहे अतिक्रमण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

निगम की कार्रवाई जारी

हैरिटेज नगर निगम सकर्तता दस्ते ने एक दिन पहले ही चांदपोल में सब्जी मंडी के पास अपनी करोड़ों रुपए की बेसकीमती जमीन को खाली करवाया। चांदपोल में सब्जी मण्डी के पास में सरकारी भूमि पर काफी वर्षों से स्थाई अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ था, जिसकों जेसीबी की सहायता से ध्वस्त करवाकर नगर निगम जयपुर हैरिटेज सम्पति का बोर्ड लगवाया गया।

सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त

बगरू वालो का रास्ता, चांदपोल बाजार जयपुर में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को भी ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नाहरगढ थाने के पास सरकारी गली के अन्दर 7-8 फिट ऊंची दीवार बनाकर किए गए अतिक्रमण हो ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

बिहार समाज की बसंत पंचमी को लेकर बैठक

जयपुर @ जागरूक जनता। बिहार समाज संगठन-की ओर से बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने किया । बैठक में आगामी कार्यक्रम बसंत पंचमी पर होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। समाज के महासचिव चंदन मंडल ने बताया कि इस बार 14 फरवरी को माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया जाएगा। इस बार माता रानी की भव्य दरबार सजाया जाएगा । इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रहा है इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए राजस्थान के सभी जिलों से सम्पर्क किया जा रहा है। माता सरस्वती की पूजा अर्चना हसनपुर रोड एनबीसी के पास दुर्गा विस्तार कॉलोनी में सामूहिक रूप से पूजा किया जाएगा। इस बार लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मुख्य अतिथि होंगे। सम्मानित व्यक्ति गणमान्य एवं पदाधिकारी मुख्य रूप से भाग लेंगे ।

बगरू धन्यवाद यात्रा में विधायक कैलाश वर्मा को पौधा भेंट कर किया स्वागत

बगरू @ जागरूक जनता। बगरू विधायक डा.कैलाश की बगरू धन्यवाद यात्रा के दौरान डिग्गी मालपुरा रोड़ स्थित ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा के अटल सेवा केन्द्र में विधायक कैलाश वर्मा का स्थानीय ग्रामीणों व सरपंच प्रतिनिधि अशोक चौधरी ने माल्यार्पण व साफा पहनकार स्वागत किया। समाजसेवी दिनेश बागड़ा ने बताया कि इस अवसर पर विधायक डा कैलाश वर्मा को परिजात का पौधा भेंट किया। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक को जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर सरपंच लाली देवी जाट, ग्राम विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, मुहाना मंडल अधयक्ष बाबुलाल यादव, श्योजीराम शर्मा, आदि मौजुद थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं-पुण्यतिथि पर 11फरवरी को होंगे कार्यक्रम

जयपुर @ जागरूक जनता। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से 11 फ़रवरी, रविवार को धानक्या रेलवे स्टेशन पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और धर्म जागरण समन्वय के अखिल भारतीय निधि विधि प्रमुख राम प्रसाद ने किया। समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रचारक निंबाराम भी शामिल होंगे।

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह

महापौर मुनेश बनीं प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई राजस्थान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह राजस्थान चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित हुआ। हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर को प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई राजस्थान, मनमोहन कागणा को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, अशोक गुर्जर को प्रदेश महामंत्री, विजेंद्र कसाना को प्रदेश मंत्री, लक्ष्मण सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष, नवदीप कसाना को प्रदेश मंत्री युवा इकाई, किरण गुर्जर को प्रदेश मंत्री महिला इकाई, करण डोई को युवा अध्यक्ष जयपुर, ममता गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला इकाई आदि कई सम्माननीय जनों को नियुक्ति पत्र देकर पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम के इस अवसर पर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजय सिंह गुर्जर पुलिस कमिश्नर सूरत गुजरात, प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद धाभाई, बच्चू सिंह बैंसला राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, कामनी गुर्जर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, सुंदर चौधरी राष्ट्रीय सचिव, हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया जनसुनवाई केन्द्र का लोकार्पण

परिवेदनाओं का हो त्वरित निस्तारण

कार्यवाही रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में भी भेजने के दिए निर्देश

राजीविका एवं पीएम स्वनिधि योजना के तहत चेक वितरित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भरतपुर के ट्रैफिक चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने जनसुनवाई केंद्र परिसर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनसुनवाई केन्द्र में विशेषाधिकारी लगाकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे आमजन की परिवेदनाओं का स्थानीय स्तर पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुना

मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई केन्द्र पर आमजन के अभाव-अभियोग सुने। उन्होंने आमजन की एक-एक परिवेदना को संवेदनशीलता के साथ सुनकर अधिकारियों को इन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त परिवेदनाओं पर कार्यवाही रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय नियमित भिजवाने के निर्देश दिए।

राजीविका एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए

मुख्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई के बाद भरतपुर व डीग जिले में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 600 स्वयं सहायता समूहों को 9 करोड़ रुपए की ऋण राशि के चैक वितरित किए। इससे 7200 महिलाओं के परिवार लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को भी ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक शैलेश सिंह, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलक्टर लोकबंधु सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का भरतपुर संभाग दौरा: पैतृक गांव अटारी में भव्य स्वागत

किसानों की पीड़ा को करीब से देखा, उनकी खुशहाली मेरी प्राथमिकता

» पूरे गांव की नंगे पैर परिक्रमा की
» पैतृक निवास पर माता-पिता का आशीर्वाद लिया
» पारिवारिक लोक देवता, चामुण्डा माता मंदिर में किए दर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पदभार संभालने के करीब डेढ माह बाद सोमवार को पहली बार अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे। क्षेत्र के निवासियों ने हजारों की संख्या में मुख्यमंत्री का दिल खोल कर स्वागत किया। छतों पर चढ़े महिला, पुरूष और बच्चों ने फूल बरसा कर उनका भव्य स्वागत किया तो भाव-विभोर हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नंगे पांव ही पूरे गांव की परिक्रमा कर ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक निवास पहुंचकर माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया। स्वागत के बाद मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आमजन की सरकार है। मैं स्वयं किसान परिवार से आता हूं, किसान की पीड़ा को मैंने करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर खुशहाल बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार बनने के बाद इस दिशा में काम करते हुए हमने गेंहू खरीद पर समर्थन मूल्य की राशि बढ़ाने, किसान सम्मान निधि में वृद्धि जैसे किसान हितैषी फैसले किए हैं। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

जो कहा वो किया, ईआरसीपी का वादा निभाया

शर्मा ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के लिए पेयजल व सिंचाई हेतु भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमने उज्ज्वला योजना सहित चयनित बीपीएल परिवार की महिलाओं को 450 रूपए में एलपीजी सिलेण्डर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री की हर गारंटी को हम पूरा करेंगे।

पेपरलीक के दोषियों को मिलेगी सजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में पेपरलीक की घटनाओं से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। हमने इन मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और इन मामलों में दोषी एक-एक व्यक्ति को सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और सरकार प्रदेश में किसी भी प्रकार की गुण्डागर्दी और आपराधिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं करेगी। शर्मा ने पैतृक गांव में पारिवारिक लोक देवताओं के थान, चामुण्डा माता मंदिर में दर्शन किए और गांव में स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इससे पहले शर्मा ने बछामदी स्थित बिहारी जी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

'बिना शीशे' की सवारी बस देखकर रुके डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा

सवारियों को दूसरी बस में किया रवाना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान के डिप्टी सीएम डॉ प्रेमचंद बैरवा ने आज सड़क मार्ग के रास्ते जयपुर से भरतपुर जाते वक्त संवेदनशीलता दिखाई। दरअसल, डिप्टी सीएम जब जयपुर से रवाना होकर जब भरतपुर के रूपवास में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तब बीच रास्ते में उन्हें सामने से आ रही एक बिना शीशे की लोक परिवहन बस दिखी।

बस का सामने का शीशा नहीं होने और बस सवारियों के खतरे का अंदेशा देखते हुए डिप्टी सीएम ने तुरंत अपनी कार रुकवाई और बस को आगे जाने से रोक दिया। उन्हीं के निर्देश पर सवारियां को बस से उतरवाकर दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

डिप्टी सीएम बैरवा के बुलावे पर यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच बैरवा ने बस चालक को शीशा लगाने के बाद ही बस चलाने की हिदायत दी। डिप्टी सीएम की यात्रियों की सुरक्षा को लेकर इस त्वरित एक्शन और सामने आई चिंता की अब है। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के पास यातायात विभाग में मंत्री की भी ज़िम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी मंजूरी

प्रदेश के सातों संभागों से अयोध्या के लिए चलेंगी रोडवेज बस

जयपुरवासियों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

मोबाइल नंबर 9549456745 पर ले सकें गे यात्री बसों की जानकारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। अयोध्या में रामलला के दर्शनों की राह सुगम करने के लिए जहां पहले हवाई यात्रा का तोहफा राजस्थान सरकार ने दिया, वहीं अब राजस्थान रोडवेज भी सातों संभागों से 7 बसें अयोध्या के लिए शुरू करने जा रही है। जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह से यह बस सेवा शुरू होने की संभावना है। सीएम भजनलाल शर्मा ने रोडवेज के अधिकारियों को 21 जनवरी को प्रदेशभर से अयोध्या के लिए बसें चलाने को लेकर निर्देश दिए थे। अयोध्या के लिए जाने वाली बसों से सबसे ज्यादा फायदा जयपुरवासियों को मिलेगा क्योंकि जयपुर से वैसे तो एक ही बस रवाना होगी लेकिन अजमेर से जाने वाली बस भी जयपुर से ही होकर गुजरेगी। जानकारी के अनुसार जयपुर से बस दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर चलेगी जो दूसरे दिन सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर अयोध्या पहुंचेगी। रोडवेज अधिकारियों ने बसों के संचालने के लिए शेड्यूल और बसों का चिन्हिकरण कर लिया है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर सीएम कार्यालय भिजवा दिया गया है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अयोध्या के लिए रोडवेज बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

नियंत्रण कक्ष नंबर के नं. जारी

अयोध्या के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों में वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन टिकट बुक कराने की सुविधा भी मिलेगी। हालांकि बसों के शुरू होने के बाद ही यह सुविधा मिलेगी, ताकि लोग बस स्टेंड जाने की बजाय घर बैठे ही बस की बुकिंग करवा सकें। रोडवेज प्रशासन ने केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष के नंबर भी जारी किए हैं। रोडवेज के मोबाइल नंबर 9549456745 पर यात्री इन बसों के संचालन को लेकर जानकारी ले सकें गे।

ये रहेगा बसों के संचालन का समय

राजस्थान के संभागों से जाने वाली बसों के संचालन का समय तय कर लिया गया है। इसके अनुसार जयपुर से रोज दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर अयोध्या के लिए बस रवाना होगी। जिसका किराया 1079 रुपए होगा। वहीं अजमेर से सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर बस जाएगी जिसका किराया 1201 रुपए होगा। वहीं उदयपुर से सुबह 7 बजकर 35 बजे जिसका किराया 1480 रुपए होगा। भरतपुर से रोज सुबह 9 बजे जाएगी बस, इसका किराया 836 रुपए होगा। कोटा से शुरू होने वाली अयोध्या बस सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर जाएगी जिसका किराया 1240 रुपए होगा। जोधपुर से अयोध्या जाने वाली बस दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर रवाना होगी जिसका किराया 1407 रुपए होगा। वहीं बीकानेर से जाने वाली बस सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी जिसका किराया 1417 रुपए होगा।

गोपाल शर्मा ने शास्त्री नगर में किया पेयजल-पाइपलाइन का लोकार्पण

2लाख क्षेत्रवासी होंगे लाभान्वित

विधायक ने की 5 ट्यूब वैल, 20 हैंडपंप व दो पानी की टंकियों के निर्माण की घोषणा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मंगलवार को शास्त्री नगर के सुभाष नगर पंप हाउस पर पेयजल पाइपलाइन का लोकार्पण किया। इस मौके पर जलदाय विभाग के एक्सईएन दीपक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनलाल तांबी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शिव-हनुमान मंदिर के महंत विष्णुदेवाचार्य का भी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा ने 5 ट्यूब वैल, 20 हैंडपंप और 2 टंकियों के निर्माण की घोषणा की।

विधायक शर्मा ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सिविल लाइंस विधानसभा के शास्त्री नगर क्षेत्र के के ए, बी, डी एवं एस ब्लॉक में जर्जर हो चुकी पाइपलाइन को हटाकर नई पाइपलाइन बिछाई गई थी। इस परियोजना में 3 करोड़ 15 लाख 27 हजार की लागत आई है। नई पाइपलाइन परियोजना से करीब दो लाख क्षेत्र वासियों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथी गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की किल्लत से बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में अर्चना श्रीवास्तव, बनी पार्क मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, विधानसभा प्रभारी सोहन बरोदिया, बनी पार्क मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता शर्मा, सिविल लाइंस मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु परमार, बनीपार्क मंडल महामंत्री आलोक जैन, पार्षद सुभाष व्यास, पार्षद श्याम सुंदर अग्रवाल, पार्षद रवि प्रकाश सैनी, पार्षद मंजू राकेश बागड़ा, पार्षद संजय राजपुरोहित, पार्षद प्रत्याशी मनोज रावत, सहित जलदाय विभाग के पदाधिकारी और उपस्थित प्रबुद्ध जन एवं मातृ शक्ति मौजूद रही।

आरपीएससी ने जारी की तीन प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि

अजमेर/जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने तीन प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि जारी की हैं। इनका विस्तृत कार्यक्रम जल्द जारी होगा। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि प्रोग्रामर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 27 अक्टूबर को होगा। संस्कृत शिक्षा विभाग में प्राध्यापक-विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 17 से 21 नवम्बर और वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 28 से 31 दिसंबर 2024 तक होगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि जारी

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि जारी की है। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, रसायनज्ञ एवं शोध अधिकारी (कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 3 और 4 अगस्त को किया जाएगा। सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त, सहायक आचार्य (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 8 से 12 और 14 - 15 सितंबर को होगा। परीक्षाओं का विस्तृत कार्यर म जल्द जारी होगा।

वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत के फॉर्म भरने शुरू

राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) भर्ती के ऑनलाइन फॉर्म सोमवार से भरने शुरू हो गए। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि छह विषयों के लिए वरिष्ठ अध्यापक के 347 पदों पर भर्ती होगी। ऑनलाइन फॉर्म 6 मार्च को रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रि या एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

सभी परिवादों के हों शीघ्र निस्तारण-कृषि मंत्री

जयपुर @ जागरूक जनता। मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने सवाईमाधोपुर जिले के महात्मा गांधी सीनियर सैकण्डरी स्कूल मलारना चौड़ में जनसुनवाई कर आमजन को राहत प्रदान की। जनसुनवाई के दौरान कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि आमजन के द्वार पर जाकर उनकी सुनवाई कर राहत प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं को सुनते हुए कहा कि हमारी सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन से प्राप्त प्रत्येक परिवेदना की जांच कर त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने लम्बित प्रकरणों के कारणों की जांच कराने एवं लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

सम्पादकीय

आत्मविश्वास भरा बजट

लोकसभा चुनाव करीब हैं। इसलिए माना जा रहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे संकेत मिलता है कि भाजपा को 2024 लोकसभा चुनाव जीतने का भरोसा है। इसके साथ अंतरिम बजट में कई ऐसे एलान हुए, जिनसे भारत की ग्रोथ स्टोरी के जारी रहने का संकेत मिलता है। सरकार को वित्त वर्ष 2024 में ग्रोथ 7.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 7 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2024 की ग्रोथ में सरकारी खर्च की बड़ी भूमिका रही है। यह सिलसिला अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहे, इसलिए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ सरकार ने उधारी घटाने का भी एलान किया। इससे सरकारी बॉन्ड यील्ड में कमी आएगी, जिससे प्राइवेट सेक्टर को कम दरों पर जरूरत के मुताबिक कर्ज मिल सकेगा। बजट भाषण के खत्म होने के बाद यील्ड में आई कमी से इसके संकेत भी मिले। इससे प्राइवेट सेक्टर की ओर से निवेश बढ़ेगा, जिससे खपत में इजाफा होगा और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने एक बड़ा सरप्राइज राजकोषीय घाटे को लेकर दिया। उन्होंने दावा किया कि वित्त वर्ष 2025 में यह घाटा GDP का 5.1 प्रतिशत रहेगा, जिसके वित्त वर्ष 2024 में 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह तो कहा जा रहा था कि इसमें सरकार कमी करेगी, लेकिन कमी इस हद तक होगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। इससे विदेशी निवेशक और शेयर बाजार दोनों ही खुश हैं।

डायरेक्ट, इनडायरेक्ट और इंपोर्ट ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया। पिछले 10 वर्षों में डायरेक्ट टैक्स तीन गुना बढ़ा है। तस्ज्ञ कलेक्शन भी अच्छा रहा है। लिहाजा टैक्स-GDP रेश्यो बेहतर हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में केंद्र ने 30 लाख करोड़ की आमदनी का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024 से 11.9 प्रतिशत अधिक है। यह कंजरवेटिव अनुमान है। आर्थिक जानकारों का कहना है कि सरकार की आमदनी इससे कहीं ज्यादा रह सकती है। इससे सरकारी खजाने की हालत बेहतर होगी। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट भाषण में टैक्स के मद में अच्छी बढ़ोतरी के लिए टैक्सपेयर्स को शुक्रिया भी कहा, जिससे यह आस लगाई जा रही है कि जुलाई के पूर्ण बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में कुछ राहत मिल सकती है। 25,000 रुपये तक की टैक्स डिमांड को लेकर टैक्सपेयर्स और सरकार के बीच जो मुकदमे चल रहे हैं, उन्हें भी वापस लेने की घोषणा हुई, जो अच्छी खबर है।

मध्यवर्ग को टैक्स के मद में भले ही राहत नहीं मिली, लेकिन सरकार ने उसके लिए एक नई हाउसिंग स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ घर बनाए जाएंगे। इनसे सीमेंट, स्टील, पेंट, टाइल्स-सेरेमिक इंडस्ट्री की ग्रोथ बढ़ेगी और ग्रामीण इलाकों में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। 1 करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर प्रोग्राम के जरिये मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव भी सराहनीय है। रेलवे के क्षेत्र में नए प्रस्ताव किए गए हैं और रक्षा क्षेत्र के लिए एलोकेशन में वाजिब बढ़ोतरी हुई है। वहीं, PLI स्कीम के एलोकेशन में 33.5 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव के साथ कई क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता घटाने की पहल भी जारी रखी गई है। साथ ही, सरकार ने आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ाया है, जिससे कम आय वर्ग को फायदा होगा। 9-14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई जाएगी, जो हेल्थकेयर के क्षेत्र में बेहतर पहल है।

राजस्थानी सिनेमा के गीतों और फिल्मों के इतिहास को लेकर अब तक कोई प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। जाहिर है कि इस ग्रंथ की रचना प्रक्रिया बहुत मुश्किल और श्रम साध्य रही होगी।

राजस्थानी सिनेमा का पहला एनसाइक्लोपीडिया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

करीब ढाई सौ पेज का यह ग्रंथ राजस्थानी सिनेमा के अब तक के सफर को प्रामाणिक और तथ्यपरक अंदाज में हमारे सामने पेश करता है।

जब कभी राजस्थानी सिनेमा की चर्चा हुई है, तो एक सवाल निरंतर सामने आता रहा है कि एक तरफ जहां तमाम भारतीय भाषाओं के फिल्मकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिभा के दम पर सिने प्रेमियों के दिलों में अपने लिए जगह बना रहे हैं, वहीं इस मामले में राजस्थानी सिनेमा आज भी पिछड़ा हुआ क्यों है? ऐसा क्यों है कि राजस्थानी भाषा की किसी भी फिल्म की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा नहीं होती। ऐसे तमाम सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करें, तो एक ऐसी तस्वीर उभरती है, जिसमें जीवन के विविध रंग तो मौजूद हैं, लेकिन उन रंगों में जज्बात नजर नहीं आते हैं। इस तस्वीर में सरगम के सुर तो हैं, लेकिन सुरों में किसी को बांध लेने की तासीर नजर नहीं आती। मनोरंजन के समस्त पहलू तो हैं, लेकिन कलात्मक ऊंचाइयां नजर नहीं आती। पौराणिक किस्म की औसत दर्जे की कहानी, साधारण कलाकार, छोटा कैनवास, सिनेमाई जादू से कोसों दूर-कुल मिलाकर यही परिदृश्य उभरता है, जब हम राजस्थानी सिनेमा की बात करते हैं।हालांकि राजस्थानी सिनेमा ने करीब 80 साल से अधिक का सफर तय कर लिया है, पर आज भी उसे किसी मुकम्मल और मजबूत सहारे की जरूरत नजर आती है।

राजस्थानी सिनेमा की इस धुंधली तस्वीर के बीच जब अचानक 'राजस्थानी फिल्म गीत कोशः 1942-2022' (एनसाइक्लोपीडिया ऑफ राजस्थानी सिनेमा) जैसा ग्रंथ सामने आता है, तो हैरानी होना स्वाभाविक है। करीब ढाई सौ पेज का यह ग्रंथ राजस्थानी सिनेमा के अब तक के सफर को प्रामाणिक और तथ्यपरक अंदाज में हमारे सामने पेश करता है। आम तौर पर इस तरह के फिल्मी गीत कोश उन लोगों के लिए ही उपयोगी होते हैं, जिन्हें संदर्भ सूचनाओं की जरूरत होती है या जो ऐसी जानकारी को सहेज कर रखना पसंद करते हैं। ज्यादातर ऐसी पुस्तकों में आम पाठकों और सिने प्रेमियों के लिए पठनीय सामग्री बहुत कम होती है। लेकिन 'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' के रचयिता वरिष्ठ लेखक-पत्रकार एम. डी. सोनी ने इस ग्रंथ को सिर्फ सूचनाओं के संकलन तक ही सीमित नहीं रखा है। उन्होंने गीतों के बहाने राजस्थानी फिल्मों से जुड़ी तमाम जरूरी जानकारियां अपने इस ग्रंथ में शामिल करने का प्रयास किया है। उनका यह प्रयास तब और भी महत्वपूर्ण नजर आता है, जब हमें पता चलता है कि इस ग्रंथ से पहले राजस्थानी सिनेमा के गीतों और फिल्मों के इतिहास को लेकर कोई प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। जाहिर है कि इस ग्रंथ की रचना प्रक्रिया बहुत मुश्किल और श्रम साध्य रही होगी।



जैसे-जैसे आप इस गीत कोश के पन्नों से गुजरते हैं, आपके सामने राजस्थानी सिनेमा की एक ऐसी तस्वीर उभरने लगती है, जिसके सहारे आप मायड़ भाषा के फिल्मकारों की कलात्मक ऊंचाई से तो परिचित होते ही हैं, साथ ही, आपको राजस्थान की विविध और रंगारंग संस्कृति को भी बेहद करीब से जानने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है।

'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' में राजस्थानी और मारवाड़ी भाषा में 1942 से 2022 तक निर्मित 233 फीचर फिल्मों के 1588 गीतों की विस्तार से जानकारी दी गई है। ग्रंथ के मुख्य भाग में 212 फिल्मों और ग्रंथ के दूसरे भाग में 21 पूरक फिल्मों और उनके गीतों का ब्यौरा दिया गया है। साथ ही, 16 रंगीन पृष्ठों में राजस्थानी फिल्मों के दुर्लभ चित्र शामिल किए गए हैं। इस ग्रंथ को जैसे-जैसे आप पढ़ते जाते हैं, आपके सामने राजस्थानी सिनेमा से जुड़े अनेक अनछुए और नए पहलू खुलते जाते हैं। जैसे-राजस्थानी सिनेमा ही नहीं, कदाचित विश्व सिनेमा का सबसे लंबा 20 मिनट 18 सैकंड का गीत किस राजस्थानी फिल्म में था, हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा ने किन दो राजस्थानी फिल्मों में अभिनय किया, निर्माता-निर्देशक सावनकुमार टाक ने किस राजस्थानी फिल्म के लिए गीत लिखा, पं. विश्वमोहन भट्ट ने किस राजस्थानी फिल्म के लिए संगीत रचा, या फिर नंदिता दास, दीप्ति नवल और रघुवीर यादव ने किस राजस्थानी फिल्म में साथ काम किया। ऐसी अनेक दिलचस्प और महत्वपूर्ण जानकारियां आपको इस ग्रंथ में मिलती हैं। जैसा कि स्वयं लेखक ने अपनी भूमिका में लिखा है, ''.....इस गीत कोश के लिए शोध, संग्रहण और अभिलेखन के दौरान मैंने महसूस किया कि यह कार्य साहित्य सृजन से अधिक श्रमसाध्य, कठिन है और असीमित समय और अत्यंत धैर्य की मांग करता है। यह गीतकोश महज सूचनाओं का जमावड़ा नहीं, बल्कि इस संकलन के बहाने राजस्थानी फिल्मों और उनके गीतों का तथ्यपरक संदर्भ ग्रंथ तथा इन फिल्मों से जुड़े ज्यादातर भागीदारों का प्रामाणिक डेटाबेस तैयार हो गया है।'

जाहिर है कि लेखक ने राजस्थानी सिनेमा की इस यात्रा को बेहद नजदीक से देखने और समझने का प्रयास किया है। इस दौरान सिनेमा से जुड़ी एक दिलचस्प यात्रा का हिस्सा बनने और फिल्म जगत की समृद्ध विविधता को समझने का अवसर भी उन्हें मिला। राजस्थानी भाषा की तमाम फिल्मों के माध्यम से लोक जीवन के विविध रंगों में सराबोर होते हुए शायद उन्हें भी यह अहसास हुआ होगा कि क्षेत्रीय भाषाओं के प्रतिनिधि फिल्मकार भी अपने आसपास की दुनिया को एक अलग नजरिए से देखते हैं और उनमें भी वही छटपटाहट मौजूद है, जो मुख्यधारा के फिल्मकार की कृतियों में नजर आती है। इन अर्थों में लोग शायद यह भी जान पाएंगे कि क्षेत्रीय भाषाई सिनेमा का फिल्मकार भी अपार क्षमताएं रखता है। उचित मौका मिले, तो वह भी मायड़ भाषा की फिल्मों में अपनी माटी की सुगंध, अपनी जुबान, अपने रंग और अपने जज्बात पेश कर सकता है। सिने विरासत प्रकाशन, 'निकेत', 253-पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर-302020 से प्रकाशित इस ग्रंथ का अंकित मूल्य 2999 रुपए है। देशभर में इसे रियायती मूल्य 1800 रुपए पर हासिल किया जा सकता है। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

साइबर क्राइम-बड़े धोखे हैं इस राह में

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

गीता यादव
पत्रकार
@jagrukjanta.net

दुनिया-भर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं, दोस्त बन जाते हैं। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में तब्दील हो जाती है। देखा जाए तो नए तरह के सामाजिक रिश्तों का ये मायावी संसार बेहद लुभावना है। इसके माध्यम से अनजाने रिश्ते आपस में जुड़ जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं, जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया। लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो, सोशल मीडिया और डेटिंग साइट्स ने लड़कियों के अपहरण की घटनाओं का ग्राफ बढ़ा दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अपहरण के जो मुकदमे लिखे गए, उनमें बड़ी संख्या में आरोपित से पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी। पुलिस अधिकारियों की मानें तो सोशल मीडिया पर पहले दोस्ती हुई उसके बाद प्यार। साथ में जीने-मरने की कसमें खाईं गईं। लड़कियों ने घर छोड़ा। जब अहसास हुआ कि भूल हो गई तब तक देर हो चुकी थी। फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं। लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं। न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैक-अप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया। जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई। एफबीआई के अनुसार रोमांस घोटाला तब होता है, जब एक अपराधी फर्जी प्रोफाइल बनाता है। फेसबुक पर कम से कम 20 प्रतिशत ऐसे यूजर हैं, जो फर्जी नाम, पहचान और फोटो का इस्तेमाल करके चैटिंग करते हैं। बेहतरीन प्रोफाइल बनाकर पहले दोस्ती और फिर रात भर बातें। फिर यह कहना कि भारी मुसीबत में फंस गया हूं और फिर शुरू हो जाता है ठगी का धंधा। सामने वाला इतना भावुक हो जाता है कि तुरंत भुगतान कर देता है। जैसे ही पैसे का भुगतान होता है, फेक प्रोफाइल क्लोज हो जाता है। उसके बाद यह समझ में आता है बिना सोचे-समझे ऑनलाइनप्यार के चक्कर में पड़कर वह अपना पैसा गंवा चुके हैं। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है। क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही हैं। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है। इन दिनों इन ठगों के निशाने पर मैट्रिमोनियल साइट्स पर दूल्हे की तलाश कर रहे लोग भी हैं। ये सरहद पार का गिरोह है, जिसमें अधिकांश ठग नाइजीरियन हैं। ठग फेसबुक पर अपने प्रोफाइल में आकर्षक युवक की फोटो लगाकर खुद को विदेश में डॉक्टर बिजनेसमैन या उद्योगपति बताते हैं। इसके बाद महिलाओं को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। दोस्ती करने के बाद लंबी चैटिंग करते हैं। शादी करने का आश्वासन देते हैं और फिर अंत में विदेश से एक महंगा गिफ्ट भेजने का झांसा देते हैं। इसके बाद गिफ्ट को भारत में छुड़ाने, कस्टम विभाग में फंसने और फिर उसे छुड़ाने आदि के नाम पर पैसा मंगवाते हैं। ये आवाज बदलने में माहिर होते हैं। इनका टारगेट चालीस प्लस की महिलाएं होती हैं। इनके जाल में फंसकर महिलाएं इतनी बेबस हो जाती हैं कि सुसाइड तक कर लेती हैं। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ अलबामा और यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा के अध्ययनकर्ताओं ने अपने अध्ययन में यह पाया कि ऑनलाइन रामांस से जुड़ी धोखाधड़ी कोई संयोग नहीं, बल्कि इसकी रणनीति सोच-समझकर बनाई जाती है। जिसके चार चरण होते हैं। आकर्षक प्रोफाइल बनाकर पीड़ितों को फंसाना, पीड़ितों से आत्मीय बातचीत करना, पैसे ऐंठने के लिए संकट की स्थिति पैदा करना उसके बाद पीड़ितों को ब्लैकमेल कर ठगना। अनुसंधान से पता चला कि ठग पीड़ितों से पैसा ठगने के लिए विभिन्न सोशल इंजीनियरिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। अमेरिका के 64 प्रतिशत व्यस्कों का कहना है कि सोशल मीडिया का जीवन पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

लेकिन प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों के अनुसार 72 प्रतिशत लोग कम से कम एक सोशल मीडिया अकाउंट बनाए रखते हैं। जैसे-जैसे ऑनलाइन और वास्तविक जीवन के बीच की रेखा कम होती जा रही है कुछ लोग स्थायी रूप से लॉग ऑफ कर रहे हैं क्योंकि नकारात्मक पहलू बहुत गहरे हैं। एक सर्वे के अनुसार, सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशिकया जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। साथ ही उनमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की कमी पैदा की है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है।

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

जो स्वयं ज्ञानी हैं वे ही हमें ज्ञान के लिए मनमानी साधना अपनी स्वच्छंदता काम नहीं आती। इसके लिए किसी आत्मज्ञानी की आवश्यकता होती है। आत्म ज्ञान के लिए सहज अवस्था, समदृष्टि समभाव की आवश्यकता है। यदि हम दूसरों के किसी के भी काम में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें, किसी में दोष न देखें, किसी के बुरे की कल्पना भी न करें, तो कोई भी हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। यहां तक कि हिंसक प्राणी बाघ, सर्प आदि भी मन का भाव पहचानते हैं। अज्ञानता के कारण खड़ा हुआ अहंकार हमारे कर्तापन को दृढ़ करता है। संसार में सब कुछ भगवान का है। जमीन-जायदाद सम्पत्ति आदि जो हमारे जन्म से पहले दूसरों की थी वे आज हमारी हैं हमारे बाद वे दूसरों की हो जाएंगी। हमने संसार में विद्या आदि जो भी अर्जित किया दूसरों से। उसे अपना मानकर हम अभिमान करते हैं। मैंने दान दिया, मैंने धार्मिक अनुष्ठान जप, तप, साधना आदि किए मैं उच्च पद पर आसीन हो गया। यह सब अहंकार ही हमारे दुःखों का कारण बनता है। वास्तव में इस जगत में दुख जैसी कोई वस्तु है ही नहीं। दुख तो अवस्तु है कल्पना से खड़ा किया गया है। किसी को जिसमें सुख का अनुभव होता है, दूसरों को उसी में अपार दुख लगता है। दुषम मन के कारण दुख है। यदि सुषम मन हो जाए तो सुख ही सुख है। **क्रमशः**

ओपिनियन

नाम का जूनून, सबसे अलग हो...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

क्षमा शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

पिछले दिनों एक युवा दंपत्ति से मुलाकात हुई, जो बड़ी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उनकी शादी को कई साल बीत गये। अब वेमाता- पिता बनने वाले हैं। यूरोप में चूंकि गर्भ के बच्चे का लिंग छुपाया नहीं जाता, इसलिए उन्हें पता है कि उनके घर बेटी आने वाली है। इसे लेकर वे बहुत उत्साहित भी हैं। सबसे ज्यादा उत्साह उनमें बच्चेके नाम को लेकर है। वे घर आये, तो इंटरनेट से ढूंढकर तमाम नामों की सूची लाये थे। वे चाहते थे कि हम भी उनमें कुछ नाम जोड़ें। उनके सूची में बहुत से ऐसे नाम थे, जिनके अर्थ न हमें पता थे और न उन्हें। कई नाम शुद्ध फारसी, तो कई उर्दू से थे। वे संस्कृत और हिंदी के भी कई नाम लाये थे। कहने लगे कि नाम कुछ ऐसा हो कि सबसे अलग हो। बातचीत में जो नाम याद आये, हम बताने लगे। उन्होंने पांच-छह नाम लिख लिये थे। आजकल चूंकि मध्य वर्ग के परिवार छोटे हैं, आम तौर पर लोगों के दो बच्चेया एक ही बच्चा होता है, तो वे अपने बच्चों के लिए सबसे अलग कुछ देखते हैं। वे चाहते हैं कि उनके बच्चे या बच्ची का नाम दुनिया में सबसे अलग हो, जो पहले किसी ने न रखा हो, न किसी ने सुना हो। सबसे अलग होने के तर्क में दरअसल श्रेष्ठ होने और दिखने की भावना भी छिपी होती है। इस सबसे अलग दिखने की चाह में ऐसे नाम भी रख लिये जाते हैं, जिनका अर्थ किसी को मालूम नहीं होता या बार-बार अर्थ पूछना पड़ता है। इसमें इंटरनेट की बड़ी भूमिका होती है क्योंकि किसी से पूछने के मुकाबले इंटरनेट पर ढूंढना आसान भी है। भारतीय माता-पिता में एक बात और भी देखने में आती है कि या तो वे शुद्ध हिंदी, संस्कृत अथवा उर्दू, फारसी के नाम चाहते हैं। या फिर ऐसे नाम, जो किसी पश्चिमी संदर्भ से आते हैं। सरल नाम, जिनके अर्थ आसानी से समझ में आयें, कोई रखना नहीं चाहता। इसे न जाने क्यों अपने स्टेटस से कमतर माना जाता है। इसीलिए कई बार अर्थ का अनर्थ हो जाता है। ऐसे नाम रख लिये जाते हैं, जिनके बारे में कुछ मालूम भी नहीं होता। कुछ माह पहले अपने एक मित्र के जुड़वा पोतों के जन्म के समारोह में गयी थी। जोर-शोर से उनका नामकरण संस्कार किया जा रहा था। बहुत से रिश्तेदार इकट्ठे थे, पकवानों का ढेर था और सजावट भी थी। नामकरण संस्कार के बाद पता चला था कि दोनों बच्चों का नाम 'व' पर निकला है। बहुत से नाम सोचे जा रहे थे। खूब विचार-विमर्श भी हो रहा था कि कौन सा नाम अच्छा रहेगा। खैर, उस दिन तो कार्यक्रम खत्म होने के बाद घर लौट आये। बाद में पता चला कि बच्चों के नाम विगत और व्यतीत रखे गये हैं। जब ये नाम सुने, तो अजीब सा लगा। दोनों नामों में नकारात्मकता महसूस हुई, जबकि आम तौर पर बच्चों के नाम सकारात्मक और भविष्योन्मुखी रखे जाते हैं क्योंकि वे अभी-अभी दुनिया में आये हैं और उनके सामने उनका पूरा जीवन पड़ा है। जबकि विगत और व्यतीत दोनों का अर्थ था कि जो बीत चुका। उन्हीं मित्र से बात हुई, तो हमने धीरे से अपने मन की बात कहने की कोशिश की, मगर वे कहने लगे कि नाम उन्होंने नहीं, बच्चों ने पसंद किये हैं और बच्चों की रुचि के आगे वे कुछ बोल नहीं सकते। इसी प्रकार एक परिचित स्त्री ने अपनी बेटी का नाम श्लेष्मा रखा था। शायद उसने जानने की कोशिश ही नहीं की कि इसका क्या अर्थहोता है। एक बार एक परिचित ने अपनी बेटी का नाम सिफर रखने की कोशिश की थी। उसे पता ही नहीं था कि सिफर का अर्थ शून्य होता है। बहुत समझाने और बार-बार सिफर का अर्थ बताने पर वह मानने को तैयार हुई थी। देखा जाए, तो नाम हमारे जीवन में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। वे हर पल हमारे साथ रहते हैं। जीवन का कोई भी कार्य-व्यापार बिना नाम के पूरा नहीं होता। यहां तक कि जिन पशु-पक्षियों तथा अन्य जानवरों को हम पालते हैं, उनके भी नाम रखते हैं और वे अपने नाम को पहचानते भी हैं। मनुष्य के संदर्भ में एक बात और भी है कि कोई भी बच्चा अपना नाम खुद नहीं रखता है। नाम उसके बड़ों के द्वारा ही रखा जाता है। कई बार इसमें माता-पिता, दादा-दादी, अन्य रिश्तेदार और पंडित की भूमिका भी होती है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर भी नाम रखे जाते हैं कि फलां के बच्चे का नाम यह है, तो हमारे बच्चे का नाम यह होना चाहिए। इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं होती है, जिसका नाम रखा जा रहा है। लेकिन अपने नाम की जवाबदेही जीवनभर उसी को करनी पड़ती है। यह जो सबसे अलग नाम रखने का माता-पिता का उत्साह है, उसके कारण जवाबदेही और बढ़ जाती है। अपने बच्चे का जो चाहे नाम रखें, मगर वह ऐसा जरूर हो कि अर्थ का अनर्थ न हो, न ही कभी बच्चे को उसके लिए शर्मिंदा होना पड़े।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

जागरूक जनता Selfie विद सन

रुद्र सन रामा चौहान, अलवर

हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

पंचांग

ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 05/02/2024

सूर्योदय : 07:13 **सूर्यास्त :** 18:08 **चन्द्रोदय :** 04:54 **चन्द्रास्त :** 15:13 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** द्वादशी, 13:57 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास माघ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **पौष :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

नक्षत्र, योग, करण

नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 28:29 तक
योग : वज्र, 26:45 तक
प्रथम करण : तैतिल, 13:57 तक
द्वितिय करण : गारा, 24:40 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त	05:22 ए एम से
प्रातः सन्ध्या	05:48 ए एम से
अभिजित मुहूर्त	कोई नहीं
विजय मुहूर्त	02:25 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त	06:02 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या	06:05 पी एम से
अमृत काल	12:11 एएम, फरवरी 8 से
निशिता मुहूर्त	12:09 ए एम, फरवरी 08 से

निवास और शूल
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : केतु
कुंभ चक्र : कण्ठ

चौघड़िया

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया
लाभ	: 07:12 - 08:34	उद्वेग : 18:08 - 19:45
अमृत	: 08:34 - 09:56	शुभ : 19:45 - 21:23
काल काल वेला	: 09:56 - 11:18	अमृत : 21:23 - 23:01
शुभ	: 11:18 - 12:40	चर : 23:01 - 00:39
रोग वार वेला	: 12:40 - 14:02	रोग : 00:39 - 02:17
उद्वेग	: 14:02 - 15:24	काल : 02:17 - 03:55
चर	: 15:24 - 16:46	लाभ : 03:55 - 05:33
लाभ	: 16:46 - 18:08	उद्वेग : 05:33 - 07:11

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।

आज द्वादशी

आज कौन सा कार्य करें

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

राशिफल

माघ, शुक्ल, द्वादशी, 2080 बुधवार, 7 फरवरी - 13 फरवरी, 2024

मेष [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

तुला [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
संतान से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

वृषभ [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

वृश्चिक [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
नौकरी पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

मिथुन [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

धनु [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

कर्क [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

मकर [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
परिजनों के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

सिंह [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
व्यवहार कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

कुंभ [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
नए कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

कन्या [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
मित्र परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

मीन [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
आर्थिक लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

अमर शहीद रमेश स्वामी का बलिदान दिवस

हवन यज्ञ प्रभात फेरी सहित श्रद्धांजलि अर्पित

5 फरवरी 1947 को शहीद हुए थे रमेश स्वामी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

भुसावर। स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सर्विस न्योछावर करने वाले अमर शहीद रमेश स्वामी के शहीद दिवस पर कस्बे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 5 फरवरी सोमवार को प्रातः 5:00 बजे डॉक्टर रघुनाथ पचेहरा के सानिध्य में प्रभात फेरी का आयोजन हुआ जो कस्बे के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए अमर शहीद पार्क पर पहुंची! स्वामी परिवार की ओर से अर्ष कन्या गुरुकुल की आचार्य सुमन शास्त्री के सानिध्य में पूनम आर्य सरस्वती आर्य अनामिका आर्य नूतन आर्य छात्राओं द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया । श्री आर्य समाज के संरक्षक वैद्य दिनेश चंद पाण्डेय् के सानिध्य में हुए आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव परिवार सहित उपस्थित रही । नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री रमेश स्वामी जनहितकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद सिंह पांडे आर्य समाज के संरक्षक विद्युत दिनेश चंद पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय्, पार्षद अमर सिंह जाटव, शिक्षाविद कवि साहित्यकार पूरणमल निर्द्वन्द्व, पंडित किशोरी लाल भारद्वाज, समाजसेवी प्रकाश चन्द जाटव ,गंगा राम पाण्डेय्, सहित अनेक नागरिकों एवं स्वामी परिवार के राजेंद्र स्वामी का नगर पालिका की ओर से सम्मान किया गया! वक्ताओं मैं स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में देश-विदेश की की गई यात्रा एवं जेल यात्राओं, आंदोलन में सही गई वेदनाओ पर प्रकाश डाला।

बेगार प्रथा के कट्टर विरोधी थे

बेगार प्रथा के प्रति राष्ट्रीय आंदोलन जारी था भरतपुर मैं स्थित घाना पक्षी विहार में विदेशी पक्षियों का जमावड़ा रहता था जिसमें अंग्रेज अधिकारी और बाहर से आने वाले विदेशी अधिकारी शिकार के लिए आया करते थे उसे समय भारतीय नागरिकों को सीट में घना पक्षी विहार के पानियों में खड़ा कर दिया जाता था वह लोग उन पक्षियों का शिकार करते थे शिकार पानी में ना गिरे इसलिए वह लोगों ने पकड़ने के लिए कर्क राशि ठंड में खड़े रहते थे इसका चाहूं और विरोध हो रहा था इसी को लेकर जेल से रिहा होने के बाद 5 फरवरी 1947 को राष्ट्रव्यापी आंदोलन में भाग लेने चार साथियों के साथ वैर जाते समय बस में सवार हो गए । उन्हें बस चालक द्वारा बस में नहीं बैठाने पर अधिकार हनन को लेकर वे बस के आगे जमीन पर लेट गए। बस मालिक व चालक थाना गए और वापस आने के बाद उनके ऊपर बस चढ़ा दी और रमेश स्वामी हंसते-हंसते शहीद हो गए। उन्हें आजादी का जश्न देखना भी नसीब नही हुआ।

अध्यापक की नौकरी छोड़ हुए बैरागी

आर्य समाज के संरक्षक विद्या दिनेश चंद पांडे ने कहा कि 200 वर्ष पूर्व स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा लगाई हुई एक चिंगारी से प्रेरित होकर अमर शहीद रमेश स्वामी का जीवन बदल गया था! वक्ताओं ने बताया कि भुसावर कस्बे के सामन्य ब्राह्मण परिवार पिता जुगल किशोर तथा माता गुलाब कौर के दूसरे नम्बर की सन्तान रमेश का जन्म 1904 में हुआ। उनके बचपन का नाम कुंदनलाल शर्मा, जो बचपन से विद्रोही स्वभाव के थे। उनका विवाह 1922 में पीतम कौर के साथ हुआ। उन्होनें युवावस्था में आर्य समाज के प्रभाव में आकर परिवार छोड़कर बैरागी हो गए। आर्य समाज प्रचार-प्रसार के लिए वे लाहौर चले गए। स्वामीजी आचार्य विश्व बंधु शास्त्री के सानिध्य में आए, सिंध आर्य प्रतिनिधि सभा का कार्य देखने लगे। रमेश स्वामी ने 1935 में वैदिक धर्म, हिन्दी प्रचार-प्रसार के लिए दो वर्ष तक विदेश में कई देशों की यात्रा की। उनकी प्रखरता,कार्य क्षमता को देखते आर्य समाज ने उनका उपयोग वर्मा, सिंगापुर, मलाया और कोलालाम्पुर भेजकर किया। उसके बाद 1938 में वे भरतपुर लौटे और 1942 में देश व्यापी अंग्रेजो भारत छोडो आंदोलन में 9 अगस्त को बड़े पैमाने पर धर-पकड में भरतपुर रियासत द्वारा 12 अगस्त को उन्हें हिरासत में ले लिया। इस अवसर पर शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय्, श्री आर्य समाज के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल प्रकाश चंद शर्मा पंडित किशोरी लाल भारद्वाज नवीन स्वामी वीरेंद्र स्वामी पिंटू स्वामी टीटू स्वामी शिवा हनी राहुल सूरज अवस्थी गोविंद माधव पांडे नवरंग मीणा विष्णु शर्मा पंडित राजेंद्र पथैना सहित कस्बे के राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस किसान आय बढाने के लिए काम करें -कृषि मंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि कृषि से जुडे 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' किसानों की आय बढाने के लिए आगे बढकर काम करें। उन्होंने ढ़िन्ढोल (बस्सी), जयपुर में स्थापित राजस्थान राज्य बीज निगम के विधायन केन्द्र, राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन सेंटर के उत्कृष्टता केन्द्र और अनार उत्कृष्टता केन्द्र के अवलोकन के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कृषि मंत्री ने अधिकारियों से इन केन्द्रो को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इन्हें नाम के अनुरूप वास्तव में उत्कृष्टता केन्द्र बनाये। इन केन्द्रों की क्षमताए काफी है। पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ दीर्घ कालीन योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है।

डॉ लाल मीणा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाऐं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विस्तार व तकनीकी मिशन, राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय परम्परागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन और पीएम-कुसुम योजना कम्पोनेन्ट 'बी' के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, आयुक्त कृषि कन्हैया लाल स्वामी, आयुक्त बागवानी लक्ष्मण सिंह कुड़ी, संयुक्त सचिव कृषि कैलाश नारायण मीणा, प्रबंध निदेशक आरएसएससी जसवंत सिंह, जनरल मैनेजर मार्केटिंग बोर्ड आशु चौधरी, अतिरिक्त निदेशक मार्केटिंग विभाग जयसिंह सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस'

वर्तमान कृषि परिदृश्य में किसानों की आय में वृद्धि और आधुनिक कृषि तकनीकी व नवाचार फसल प्रदर्शन हेतु सेंटर आफ एक्सीलेंस बस्सी में कृषि विभाग द्वारा शुरू किया गया। यहां विभिन्न संरक्षित खेती संरक्षण तकनीकी संरचनाएं, उच्च तकनीकी युक्त पॉली हाउस, स्वचालित फर्टिगेशन यूनिट सहित पंप हाउस व वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, कार्यालय भवन प्रशिक्षण भवन इत्यादि का निर्माण किया गया है राजस्थान और अन्य राज्यों से लगभग 8 हज़ार से 10 हज़ार किसान प्रतिवर्ष सेंटर का भ्रमण कर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इस तरह हाईटेक खेती अपनाकर किसान अपनी आय में आशातीत्व वृद्धि कर रहे हैं।

पेंशनर समाज की बैठक: साथ मिलकर कार्य का लिया संकल्प

भुसावर @ जागरूक जनता। पेंशनर समाज उप शाखा भुसावर की बैठक पेंशनर समाज के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भरतपुर जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय मंत्री रामेश्वर शर्मा उपाध्यक्ष मोहन पाराशर जिला महामंत्री सीताराम वर्मा के विशिष्ट आदित्य मैं आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष महेश चंद जति ने की। बैठक पूर्व निर्धारित एजेंडा संगठन में सामंजस्य, समन्वय, एकता संगठन के विस्तार व पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा द्वारा उप शाखा की निर्वाचन सूची बताते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पास यह सूची तीन दिन पूर्व पहुंची थी तब मैंने इसमें नौटंकी किया है की सूची की कमियों को पूरा करके निर्वाचन कारण जिसका निर्वाचन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित पूर्व उप शाखा अध्यक्ष एवं अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने कोई ध्यान नहीं दिया जिससे इस तरह का गतिरोध पैदा हुआ है। सभी पेंशनरों की उपस्थिति में एक मत से उपशाखा भुसावर अध्यक्ष महेश चन्द जति, पूर्व अध्यक्ष जगदीश पांडे व गजेंद्र पांडे ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला शाखा भरतपुर के महामंत्री सीताराम वर्मा उपाध्यक्ष मोहन सिंह पाराशर उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय मंत्री रामेश्वर शर्मा व भुसावर उपशाखा के भिद्धू सिंह, उदय सिंह, अमृत मित्तल, प्रकाश पांडे, यतेन्द्र पांडे, सुभाष सिंघल, रमनलाल सैनी, राजेंद्र वैद्य, पंडित किशोरी लाल भारद्वाज, डॉक्टर आर एस पचेरा, जगदीश वर्मा, रामेश्वर सिंह, रामस्वरूप पटेल, किशन शर्मा, बाबूलाल पाराशर, फतेह सिंह, अशोक शर्मा, वैद्य दिनेशपांडे, नेतराम, रघुवर दयाल, मुरारी लाल शर्मा, सतीश पांडे, रवि पांडे, घनश्याम शर्मा, जगराम, यादराम सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इससे पहले जिला अध्यक्ष द्वारा निर्वाचन अधिकारियों पर टिप्पणी करने से सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपनी बात कहते हुए बैठक से बहिष्कार किया।

रोड सेफ्टी बेसिक लाइफ सपोर्ट वर्कशाप आयोजित

सड़क दुर्घटना में आमजन भी घायल को दे सकते हैं प्राथमिक उपचार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर सवाई मानसिंह चिकित्सालय एव प्रादेशिक परिवहन सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा ऐंटी करैप्शन फाउंडेशन के मेंबर्स के लिए एक रोड सेफ्टी बेसिक लाइफ सपोर्ट वर्कशाप का आयोजन स्किल लेब ट्रॉमा सेंटर में किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 14 फरवरी के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूकता लाने के उद्देश्य से देश में मनाया गया। सड़क दुर्घटना में मरने वालो की संख्या आए दिन बड़ती जा रही है।

परिवहन एव सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। सड़क सुरक्षा एक परिवहन विभाग द्वारा एक स्किल लेब का निर्माण ट्रॉमा सेंटर में किया गया है। जहां लगातार आमजन को जागरूक करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा सड़क सुरक्षा गुड समेरिटन और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को केसे घटना स्थल पर ही सीपीआर व प्राथमिक सहायता देकर जान बचाई जाए, प्रशिक्षण दिया जाता है। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. धाकड़ ने बताया की जब भी कभी इस प्रकार के केस आयेगे तो उनकी अनुमति से लोगो को जागरूक करने के लिए छोटे छोटे वीडियो क्लिप बनाई जाएगी और एक्सीडेंट से होने वाले गंभीर परिणामों को दिखाकर आमजन को सड़क पर नियमों से चलने और गुड समेरिटन एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही ब्रेन डेड घायल के परिजनों को अंगदान के लिए भी प्रेरित करने का महत्व भी समझाया गया। मास्टर ट्रेनर राजकुमार राजपाल और राधेलाल शर्मा द्वारा प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर सीपीआर और बेसिक लाइफ सपोर्ट बताया गया। ट्रॉमा सेंटर के डिप्टी सुप्रीटेंडेंट डॉक्टर जगदीश मोदी और स्किल लेब नोडल ऑफिसर डॉक्टर देवेंद्र पुरोहित ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सड़क दुर्घटना में जान बजाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय से मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर मनोज शर्मा इस कार्यक्रम में एंटी करप्शन फाउंडेशन से स्टेट चीफ डायरेक्टर राधेश्याम गुप्ता और एंटी करप्शन फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट सुनील ब्योत्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यदु कृष्ण शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने जारी किये पदोन्नति आदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर में पदस्थापित यदु कृष्ण शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत हो गए हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पदोन्नति के आदेश जारी किये। जिसमें यदु कृष्ण शर्मा सहित विभाग के 12 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है। विभाग द्वारा आदेश जारी होने के बाद उपनिदेशक मान सिंह मीणा ने पदोन्नत यदु कृष्ण शर्मा को साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सहायक लेखाधिकारी (प्रथम) राजेश भीमवाल, सहायक जनसंपर्क अधिकारी चारू मीणा एवं नरेन्द्र सिंह शेखावत ने भी शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

नर्मदा जयंती पर बीजलगांव में महारुद्र पंच कुण्डीय यज्ञ की तैयारियां शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

बीजलगांव (खातेगांव-मप्र)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां नर्मदा के तट पर बसी वृंदा की नगरीय बीजल गांव में महारुद्र पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन होने जा रहे यज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यज्ञ का आयोजन ब्रह्मचारी शिवानंद महाराज लोदड़ीवाले के सान्निध्य में 16 फरवरी से 22 फरवरी तक होगा। यह की जानकारी देते हुए महाराज शिवानंद ने बताया कि गोलोकवासी दादागुरु स्वामी विशुद्धानंद परमहंस व गोलोकवासी गुरु महाराज स्वामी भास्करानंद महाराज के परम शिष्य विष्णुदास की प्रेरणा से होने वाला यह 16वां यज्ञ है। मां नर्मदा जयंती पर्व पर शिवजी का 251 लीटर दूध से सहस्त्र धारा अभिषेक व भण्डारा किया जाएगा। साथ ही नर्मदा जी की असंख्य दीपों से आरती उतारी जाएगी। इस दौरान सात दिनों तक आचार्य पं. विनोद शर्मा श्रीराम मंदिर सोनगांव वालों के मधुर कंठ से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा वाचन दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक होगा। यज्ञ में जयप्रकाश मीणा, रामस्वरूप मीणा, महाराज रामेश्वरदास, संत भगवानदास बाबा, संत राम किशन बाबा, महाराज रामदास त्यागी भी पधारेंगे। कार्यक्रम में घूमसिंह मीणा, सुकराम मीणा, रामगोपाल मीणा एवं रामनाथ मीणा यजमान होंगे। यज्ञ महोत्सव के अध्यक्ष मारुति नंदन-मां रेवा एवं यज्ञाचार्य शिवप्रसाद पंडा इकलेरा वाले होंगे। महारुद्र यज्ञ का 22 फरवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो जाएगा। मां नर्मदा मंदिर पुजारी अशोक उपाध्याय यज्ञ में प्रतिदिन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। यज्ञ में महाराज शिवानंद के परमसेवक टिल्लू की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं।

सरस्वती शिक्षा सदन का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विद्याधर नगर स्थित सरस्वती शिक्षा सदन का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्याधर नगर के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड 22 के पार्षद प्रदीप तिवाड़ी थे। सरसस्वती शिक्षा सदन के निदेशक संतोष शर्मा ने बताया कि स्थानीय दशहरा मैदान में तीन घंटे से अधिक समय तक चले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति को दर्शाती हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिनको देखकर कार्यक्रम आए अतिथि एवं अभिभावक तालियां बजाते रहे। इस अवसर पर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके बाद आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक संतोष शर्मा ने स्कूल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया लगातार छठवां बजट

विकसित भारत के ख्वाबों का कारवां

इन्फ्रास्ट्रक्चर — 11.11 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से विश्वस्तरीय संरचनात्मक विकास

अनुसंधान — 1,00,000 करोड़ रुपये का कोष अन्वेषण और नवाचार के लिए

मनरेगा — 26,000 करोड़ रुपये बढ़ाया आवंटन...ताकि गांवों में बढ़े रोजगार

सौर ऊर्जा — 01 करोड़ परिवारों को मिलेगी सौर ऊर्जा प्रणाली

संघवाद — 75,000 करोड़ रुपये का 5 साल में राज्यों को ब्याजमुक्त ऋण

रक्षा — 6.21 लाख करोड़ रुपये अब तक का सर्वाधिक आवंटन

वित्तीय घाटा कम करने पर ज़ोर, पहले की सरकारों पर श्वेत पत्र

अंतरिम बजट बताता है कि सरकार के खर्च और कमाई का अंतर घट रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा घटकर 5.1% रहेगा। यह मौजूदा वित्त वर्ष के 5.8% के आंकड़े से काफी कम है। घाटा कम होने से महंगाई घटती है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद 10 वर्षों में इकॉनमी सुधरी है। सरकार अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र पेश करेगी, जिससे पता चले कि 2014 तक हम कहां थे और अब कहां हैं। मकसद पिछली सरकारों की नाकामी से सबक सीखना है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने पर खर्च होंगे ₹11.11 लाख करोड़

सरकार ने संदेश दिया कि पूरा जोर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर है। तभी अगले वित्त वर्ष के लिए इस मद में खर्च 11.11% बढ़ाकर इसे 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। इन्फ्रा पर खर्च बढ़ने से स्टील, सीमेंट और कैपिटल गुड्स जैसी इंडस्ट्रीज पर पॉजिटिव इफेक्ट दिखेगा। प्राइवेट सेक्टर भी इनवेस्टमेंट बढ़ाएगा। वित्त मंत्री ने दावा किया कि पिछले चार वर्षों में लगातार इस मद में खर्च बढ़ने से आर्थिक विकास के साथ नौकरियां भी बढ़ी हैं।

टैक्स में भले नई राहत नहीं, पर जुलाई के पूर्ण बजट से उम्मीद

टैक्स पर भले नई छूट का ऐलान नहीं हुआ, लेकिन आगे राहत की उम्मीद बंधी है। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिम बजट की परंपरा का पालन करते हुए लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया है। यानी जुलाई के पूर्ण बजट में गुड न्यूज की उम्मीद है। अंतरिम बजट से मायूस आम करदाता को अब उम्मीद है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के बजट में उनकी जरूर सुनी जाएगी। करदाता को विवादित टैक्स डिमांड के मामले में जरूर राहत मिली है।

गरीब, महिला, युवा, किसान, इन चार 'जातियों' से बेड़ा पार

विपक्ष के जाति जनगणना पर जोर के बाद सरकार ने चार जातियों का अपना फॉर्म्युला दिया था। बजट भाषण वित्त मंत्री ने भी कहा कि चार प्रमुख जातियों - 'गरीब, महिलाओं, युवाओं और किसानों' की आकांक्षाओं और जरूरतों को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश तभी तरक्की करता है, जब ये तरक्की करते हैं। बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय का बजट 12% बढ़ा है। महिलाओं पर बजट स्पीच और बजट आवंटन पर भी खासा फोकस रहा।

दिखाया भरोसा, सत्ता में तीसरी बार भी आएगी मोदी सरकार

सरकार का कर्ज कम लेना, अंतरिम बजट में आम करदाता को किसी नई छूट जैसी लुभावनी घोषणा न करना ...आदि ऐसी कई बातें हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार को खुद पर भरोसा है कि वह फिर से सत्ता में वापसी करेगी। पूरे संकेत हैं कि सरकार ने लोकलुभावन घोषणाओं को पूर्ण बजट के लिए बचा लिया है। किसानों से जुड़ी अहम योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि और मनरेगा में फंड न बढ़ाना भी इसी दिशा में देखा जा रहा है।

तीसरी पारी की तैयारी में चार शक्तियों पर फोकस

लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज पर नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीबों और किसानों को साधने की भरपूर कोशिश

327.72 लाख करोड़ हो जायेगी नॉमिनल जीडीपी

5.1 राजकोषीय घाटा 2024-25 में

अब तक का सर्वाधिक **47.66** लाख करोड़ रुपये अनुमानित व्यय

आय का अनुमान **31** लाख करोड़ रुपये 2024-25 में

मिडल क्लास के लिए घर, आयुष्मान का दायरा बढ़ा

1 ...ताकि घर मिले
वित्त मंत्री ने कहा कि मिडल क्लास के लिए हाउसिंग स्कीम लाई जाएगी। इस योजना के तहत मध्यम वर्ग के लोगों को अपना घर खरीदने में मदद मिलेगी।

2 लखपति बढ़ेंगी
एक करोड़ 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। दो करोड़ और बनाने का लक्ष्य है। योजना में महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये कमाने लायक बनाते हैं।

3 स्किल इंडिया
1.4 करोड़ युवा ट्रेड हुए हैं। 54 लाख की स्किल बढ़ी है। 10 साल में 3000 नए ITI, 7 IIT, 16 IIIT, 7 IIM, 15 AIIMS, 390 यूनिवर्सिटी खुली हैं।

4 किसान का मान
बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं का जिक्र किया गया। वहीं, इंटीग्रेटिड एक्वा पार्क खोलने की घोषणा की गई।

5 आयुष्मान
आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ेगा। इस योजना के तहत अब आशा, आगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का भी बीमा होगा।

6 मेडिकल कॉलेज
जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदलने के बारे में सुझाव देने के लिए कमिटी बनेगी। इससे युवाओं के लिए डॉक्टर बनने के अवसर पैदा होंगे।

7 जनसंख्या नियंत्रण
जनसंख्या वृद्धि और डेमोग्राफिक चेंज से पैदा होने वाली चुनौतियों से निबटने के लिए कमिटी बनेगी, जो जरूरी सिफारिशें करेगी।

8 सोलर प्रोजेक्ट
1 करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी।

9 रेलवे कॉरिडोर
हाई ट्रैफिक समेत तीन नए रेलवे इकनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे। 4,000 रेलवे कोच को वंदे भारत के अनुरूप अपग्रेड किया जाएगा।

10 युवाओं को फंड
टेक सेवी युवाओं को 50 साल तक इंटरेस्ट फ्री लोन देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष बनेगा। इससे रिसर्च को प्रोत्साहन मिलेगा।

11 लक्षद्वीप टूरिज़्म
लक्षद्वीप समेत देश के द्वीपों पर टूरिजम बढ़ाने के लिए जहाज कनेक्टिविटी और इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स शुरू होंगे। पर्यटन केंद्रों की रेटिंग होगी।

12 यूरोप कॉरिडोर
बजट में इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर का जिक्र किया गया, जो देश के लिए स्ट्रैटजिक और इकॉनमिक गेम चेंजर होगा।

25 हज़ार तक बकाया के नोटिस वापस होंगे

1 करोड़ करदाताओं को होगा फायदा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **मुंबई:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को टैक्स विवाद में राहत देने वाला बड़ा फैसला लिया। उन्होंने ऐलान किया कि वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि से जुड़े 25 हजार रुपये तक के बकाया टैक्स डिमांड नोटिस को वापस लिया जाएगा। वहीं वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के 10 हजार रुपये तक के ऐसे डिमांड नोटिस वापस लिए जाएंगे। यानी अब ऐसे टैक्स डिमांड वाले सभी इनकम टैक्स रिटर्न को ऑटोमेटिक क्लियर कर दिया जाएगा। इसके लिए टैक्सपेयर को कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। इस फैसले से दशकों से चले आ रहे टैक्स विवाद खत्म होंगे और 1 करोड़ टैक्स पेयर को फायदा होगा।

25 हज़ार तक के टैक्स डिमांड नोटिस वापस लेने का आया प्रस्ताव

वित्त मंत्री ने कहा कि इनमें से कई डिमांड 1962 से पुरानी हैं। यह बही-खातों में बनी हुई हैं। इससे ईमानदार टैक्सपेयर्स को चिंता हो रही है। इन डिमांड से बाद के वर्षों के रिफंड में बाधा आ रही है। बजट भाषण के बाद वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि ओरिजनल डिमांड में इंटरेस्ट इनकम जोड़कर 25,000 रुपये तक की विवादित टैक्स डिमांड ही वापस ली जाएंगी। रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा ने कहा कि सरकार 2014-15 तक जिन विवादित टैक्स डिमांड नोटिस को वापस ले रही है, वह पांच साल में ही कुल 3,500 करोड़ रुपये की हैं। ये लंबित डिमांड नोटिस, इनकम, वेल्थ और गिफ्ट टैक्स से जुड़ी हैं।

टैक्स एक्सपर्ट टी.पी. ओस्तावाल ने कहा कि जिस तरह कोई व्यापारी अपना चौपड़ा (अकाउंट) साफ करता है, वैसा ही कदम सरकार ने उठाया है। टैक्स एक्सपर्ट मनीष गाडिया कहते हैं, पहले फिजिकल डिमांड निकलती थी और अब सिस्टम कंप्यूटराइज्ड होने के बाद इनकम टैक्स विभाग को भी नहीं पता कि यह किस चीज का डिमांड नोटिस है। ऐसे में सरकार ने जो कदम उठाया, वह विभाग और करदाता दोनों के लिए राहत वाला है।

स्टार्टअप के लिए टैक्स प्रोत्साहन मार्च 2025 तक

■ **वित्त मंत्री** ने स्टार्टअप्स (Startup) और पेंशन फंड्स को मिलने वाले कुछ खास फायदों की आखिरी तारीख बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। स्टार्टअप और पेंशन फंड्स के निवेश पर टैक्स प्रोत्साहन को मार्च 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। अभी यह छूट 31 मार्च 2024 तक है। सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। बजट में बताया गया कि सरकार ने अब तक 1.17 लाख स्टार्टअप को मान्यता दी है। ये स्टार्टअप इंडिया के एक्शन प्लान के तहत इनकम टैक्स में लाभ जैसे टैक्स प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया और स्टार्टअप क्रेडिट गारंटी जैसी स्कीमों की मदद से युवाओं को फायदा मिल रहा है।

मोदीनॉमिक्स और आगे की नीतियों की छाप

तीसरे कार्यकाल में अपना अजेंडा बढ़ाने के इरादे साफ नज़र आए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **नई दिल्ली:** मोदी सरकार के दूसरे टर्म के अंतिम बजट पर गुरुवार को पूरे देश की नजर थी। हालांकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न कोई बड़ी घोषणा का ऐलान किया, न कोई बड़ा जोखिम लिया, लेकिन घंटेभर से भी कम के भाषण में वह अपनी सरकार की ओर से कई संदेश दे गईं।

मोदी 3.0 की गारंटी: अंतरिम बजट में सरकार ने पूर्ण आत्मविश्वास दिखा कि इस साल आम चुनाव में फिर जीतकर वह तीसरा कार्यकाल हासिल करेगी, तब फिर आगे का अपना अजेंडा बढ़ाएगी। बजट पेश होने से पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे टर्म के अजेंडे तक की बात कर चुके हैं। ज्यादातर सर्वे में भी मोदी सरकार की वापसी की संभावना जताई गई है। बजट में यह आत्मविश्वास साफ दिखा। साल 2019 में तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मोदी सरकार का आत्मविश्वास हिला था और तब कई बड़े फैसले लिए गए थे। उस अंतरिम बजट को एक तरह से पूर्ण बजट की तरह पेश किया गया था।

जनसंख्या नियंत्रण का अजेंडा सेट: अंतरिम बजट में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कमिटी बनाने की बात कर वित्त मंत्री ने सरकार की ओर से बता दिया कि आने वाले समय का अजेंडा भी लगभग तय हो चुका है। सूत्रों के अनुसार अगर मोदी सरकार सत्ता में आती है तो सबसे पहले जनगणना होगी और उसके बाद आए आंकड़ों के आधार पर सरकार जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में बड़ी पहल कर सकती है। अब पूरे विश्व में भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। पीएम खुद इस विषय पर बोल चुके हैं।

पीएम की छाप: एक बार फिर पूरे बजट पर मोदीनॉमिक्स की छाप दिखी। ऐसे समय में, जब लगभग तय माना जा रहा था कि सरकार चुनावी साल में किसान सम्मान निधि में बढ़त कर सकती है और महिलाओं के लिए कोई बड़ी योजना का ऐलान कर सकती है, ऐसा नहीं कर मोदी ने फिर चौंकाया। चाहे वित्तीय घाटे के साथ किसी भी सूरत में समझौता नहीं करने की बात हो या इन्फ्रा पर ज्यादा फोकस, यह मोदी के बजट गणित का हिस्सा रहा है। वे चुनाव में विकास और विरासत की थीम पर जा रहे हैं। राम मंदिर को विरासत तो इन्फ्रा पर हुए काम को वह विकास के रूप में पेश कर रहे हैं।

वोट बैंक को मजबूत करेंगे: बजट में सरकार ने संकेत दिया कि वह अपने वोट बैंक को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाती रहेगी। महिला और गरीब दो ऐसे वोटर रहे हैं, जिनपर मोदी ने कुछ सालों में बहुत काम किया और 'रॉबिन हुड सरकार' की छवि बनाई। मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं की बदौलत इस तबके में सरकार ने पैठ बढ़ाई। आंकड़े भी इस बात को साबित करते हैं कि बीजेपी के बीच इन तबकों का जनाधार बढ़ा है जो कभी कांग्रेस का वोट बैंक हुआ करता था।

थैली में पेपरलेस बजट निर्मला ने जब कहा हमारी सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे ज्यादा देर तक मेजें थपथपाईं

निर्मला का सबसे छोटा भाषण, राम मंदिर के ज़िक्र पर गूंजा हॉल

प्रेजिडेंट मुर्मु ने मुंह मीठा कराया

बजट भाषण से पहले वित्त मंत्री अपने सहयोगियों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचीं। वहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सीतारमण का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दीं।

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

■ **नई दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करने पहुंचीं तो उनके हाथों में लाल रंग के बही-खाते नुमा थैले में मौजूद टैबलेट में पेपरलेस बजट था। सीतारमण ने ही पहली बार 2019 में बजट दस्तावेजों को परंपरागत ब्रीफकेस में लाने के बजाय बही-खाते के रूप में लाना शुरू किया था। इस पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चिह्न होता है। वित्त मंत्री का यह छठा बजट भाषण था, जो अब तक का उनका सबसे छोटा भाषण रहा, जिसकी कुल अवधि सिर्फ 56 मिनट रही। सदन में सबसे लंबा बजट भाषण देने का रेकॉर्ड भी सीतारमण के नाम है, जब उन्होंने 2020 में दो घंटे 40 मिनट तक भाषण पढ़ा था। लगातार छठे और दूसरी बार अंतरिम बजट पेश करने वाली निर्मला संसदीय इतिहास में मोरारजी देसाई के बाद दूसरी ऐसी वित्त मंत्री बनी गईं, जिन्होंने एक बार से ज्यादा अंतरिम बजट पेश किया।

सीतारमण रॉयल ब्लू कलर की कांथा स्टाइल की मलबरी सिल्क साड़ी में नजर आईं। बजट पेश करने से पहले वह प्रेजिडेंट द्रौपदी मुर्मु से मिलीं और साथ ब्रेकफास्ट भी किया। वहां से सीतारमण सीधे संसद पहुंचीं। सीतारमण के भाषण के दौरान लोकसभा में सत्ता पक्ष के सदस्य बीच-बीच में मेजें थपथपाते दिखे। जब उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी' तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे ज्यादा देर तक मेजें थपथपाईं। वित्त मंत्री ने केंद्र की विभिन्न योजनाओं के साथ राम मंदिर का भी जिक्र किया, जिस पर मेज की थप-थपाहट से हॉल गूंज उठा।

पीएम मोदी का आठ बार जिक्र: सीतारमण ने आठ बार पीएम मोदी का जिक्र किया और उनके भाषणों के अंश पढ़े। बजट के बाद पीएम ने उन्हें बधाई दी। सीतारमण ने शतरंज के खिलाड़ी प्रग्नानंदा की भी तारीफ की। कहा कि हमारे नंबर 1 खिलाड़ी प्रग्नानंदा ने विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को कड़ी टक्कर दी। आज देश में 80 से अधिक शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं, जबकि 2010 में केवल 20 से अधिक थे।

GDP और FDI को दी नई परिभाषा

■ **बजट भाषण** में सीतारमण ने कुछ नई शब्दावलियों को सामने रखा तो कुछ प्रचलित शब्दावलियों को नई परिभाषा दी। उन्होंने FDI (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) को 'फर्स्ट डिवेलप इंडिया' कहा। GDP (ग्रॉस डमेस्टिक प्रॉडक्ट) को नए सिरे से परिभाषित करते हुए गर्वनेंस, डिवेलपमेंट ऐंड परफॉर्मेंस' करार दिया। सेकुलरिजम के मुद्दे को लेकर अक्सर BJP और सरकार पर निशाना साधने वाले विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने सरकार के समावेशी सोच और विकास कार्य के लिए एक नई शब्दावली गढ़ने की कोशिश की- सेकुलरिजम इन एक्शन।

जागरूक खबरें

■ चेक अनादरण पर सवा 4 लाख अर्थदण्ड व एक वर्ष का कारावास

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के पीठासीन अधिकारी मेघना मीणा ने चेक अनादरण के दो प्रकरणों के अपने निर्णय में 4 लाख 20 हजार रुपये अर्थदण्ड एवं एक वर्ष का साधारण एवं प्रतिकर राशि अदा नहीं करने पर एक माह साधारण कारावास अलग से भुगतने का दण्ड दिया। प्रकरणानुसार बूढ़ निवासी राधेश्याम पिता भेरूलाल शर्मा ने अपने अधिवक्तागण मालमसिंह पंवार, लोकेन्द्र सिंह राणावत, नारायण परमार के मार्फत चेक अनादरण के दो परिवाद अभियुक्त नाथुलाल पिता रूपलाल सुखवाल निवासी राशमी के विरुद्ध इस आशय का पेश किया। नियत तिथि को परिवादी द्वारा चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर अपर्याप्त राशि के कारण दोनों चैक अनादरित हो गये। नोटिस के बाद भी रकम अदा न करने पर परिवाद पेश किये गये जहाँ दोनों पक्षों की सुनवाई व परिवादी अधिवक्तागणों के तर्कों से सहमत होते हुए अभियुक्त का दोष सिद्ध घोषित किया गया।

■ श्री नामदेव छीपा समाज विकास संस्थान के चुनाव सम्पन्न

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। श्री नामदेव छीपा समाज विकास संस्थान के 120 स्थायी परिवारो के हुये चुनाव में सर्वसम्मति से शान्ति लाल नागर को अध्यक्ष, गोपाल लाल राईवाल, शिवप्रकाश बगेरवाल उपाध्यक्ष, मदन लाल जडिया महामंत्री, विष्णु पटवा को कोषाध्यक्ष के पद पर गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान शान्तिलाल गंगवाल, बंशीलाल नागर, घनश्याम अंधेरा, कालुलाल जडिया राम किसन टाण्डी, छीतरमल बगेखाल, गोपाल लाल गंगवाल, प्रकाश पटवा, अनिल पटवा, सत्यनारायण नागर, गजानंन्द जोशी, मुरलीधर ऐणिया, विष्णु नागर, मुकेश खींची, शिवनारायण अंधेरा, जगदीश, रामस्वरूप लागेरवाल, रमेश सुरागी, प्रमोद बगेवाल ने हर्ष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

■ केबिनेट मंत्री जोराराम ने पट्टे किए वितरित

सुमेरपुर @ जागरूक जनता। नगरपालिका कार्यालय परिसर में जोरारामजी कुमावत केबिनेट मंत्री के द्वारा लाभार्थियों को पट्टे वितरित किये गये। जिसमें 69 ए नियमन के कुल 62 पट्टे, कृषि भूमि नियमन के कुल पट्टे 82, लीज होल्ड से फ्री होल्ड के 3 पट्टे वितरित किये गये। मंत्री द्वारा सर्वप्रथम निदेशालय से प्राप्त ऑटोमेटिक सीवरेज क्लीनर मशीन का उद्घाटन किया। साथ ही मंत्री ने शहर की सफाई, रोडलाईट, नाली निर्माण संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश प्रदान किये एवं नगरपालिका द्वारा पट्टे जारी करने में अच्छा कार्य कर आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष उषा कंवर राठौड, पालिका उपाध्यक्ष चत्रभुज शर्मा, उपखण्ड अधिकारी हरिसिंह देवल, अधिशाषी अधिकारी ओमप्रकाश दाधीच, नपा मण्डल के सदस्यगण, शहर के गणमान्य नागरिकगण सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

पढ़ाई नहीं होगी बाधित, नए सत्र से पहले स्कूलों में पहुंचीं 6 लाख पुस्तकें

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

झालावाड़। .जिले में नया शिक्षा सत्र 2024-25 में सरकारी स्कूलों में पढने़ वाले विद्यार्थियों को किताबों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रवेशोत्सव के साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। पहली बार शिक्षा विभाग ने ये नवाचार किया है। जिले के पाठ्यपुस्तक मंडल में 6 लाख पुस्तकें पहुंच चुकी है। जिन्हे पीईईओ कार्यालयों में पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। ऐसे में नया सत्र शुरू होने से पहले ही स्कूलों में पहली से 12वीं कक्षा की पाठ्य पुस्तकें पहुंच जाएगी। इंतजार से मिलेगी निजात- जिले में सत्र शुरू होने के बाद पुस्तकों की डिमांड भेजी जाती थी, ऐसे में कई स्कूलों तक पुस्तकों के सेट नहीं पहुंच पाते थे।बच्चों को सालभर इंतजार करना पड़ता था। इसके पीछे कारण ये होता था कि जिले में पुस्तकों का आवंटन ही देरी से होता था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। पाठ्यपुस्तक मंडल द्वारा शाला दर्पण पोर्टल के नामांकन को आधार मानकर ही पुस्तकों का आवंटन किया गया है। वहीं जिले में प्रथम चरण की पुस्तकों का वितरण भी शुरू कर दिया गया है।

6 लाख के सेट पहुंचे झालावाड़

प्रथम चरण की पाठ्यपुस्तकों के वितरण के लिए जिले में राजस्थान पाठ्यपुस्तक मंडल से 6 लाख पुस्तकों के सेट झालावाड़ पाठ्यपुस्तक मंडल कार्यालय पहुंच चुके हैं। आधी पुरानी-आधी नई मिलेगी- जिले के सरकारी स्कूलों में पढने़ वाले पहली व दूसरी क्लास के विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत नई पुस्तकों का निःशुल्क वितरण होगा। जबकि तीसरी से 12वीं कक्षा में पढने़ वाले विद्यार्थियों को 50 फीसदी नई तथा 50 फीसदी पिछले सत्र के विद्यार्थियों द्वारा लौटाई गई पाठ्य पुस्तकों का वितरण होगा। जिले के सभी सरकारी स्कूलों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण संबंधित नोडल केन्द्रों के द्वारा किया जाएगा। शाला दर्पण पर करनी होगी सूचना अपडेट- जिले के सभी 1600 से अधिक सरकारी स्कूलों को अपने विद्यालय के विद्यार्थियों का डाटा क्लासवार शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके बाद संबंधित पीईईओ ही स्कूलों को पुस्तकों का वितरण करेंगे।

270 पीईईओ के माध्यम से होगा वितरण

जिले में 270 पीईईओ को 8 लाख 19हजार 66 पुस्तकों का वितरण होना। जिसमें से अभी तक 6 लाख पुस्तकें पहुंच चुकी है। जिले के आठ ब्लॉक में जिन पर पुस्तकें पहुंच चुकी है। पुस्तकों में इस वर्ष कोई परिवर्तन नहीं है। वितरण केन्द्रों तक पहुंचाई जा रही है। वहीं प्रदेश में झालावाड़ पाठ्यपुस्तक मंडल के वितरण व्यवस्था में प्रदेश में प्रथम रहने पर राज्य स्तर पर मुख्य प्रबन्धक को 26 जनवरी पर सम्मानित किया गया है।

गतवर्ष से एक लाख अधिक

जिले में गत बार की अपेक्षा इस बार एक लाख अधिक पुस्तकों का वितरण होगा। जिले में अंग्रेजी माध्यम से महात्मा गांधी व संस्कृत शिक्षा के स्कूलों में भी पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

जिले में प्रथम चरण की पुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया गया है। सभी पीईईओ को दी गई तिथि अनुसार ही अपने साधन भिजवाकर पुस्तकें उठाने के लिए कहा गया है। प्रवेशोत्सव से पूर्व ही पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। ऐसे में प्रवेशोत्सव के साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तकें मिल सकेंगी। शाला दर्पण पर आ रहे नामांकन के आधार पर पुस्तकों का वितरण होना है।

तेजबहादुर सिंह हाड़ा, मुख्य प्रबन्धक पाठ्य पुस्तक, झालावाड़।

मुख्यमंत्री का भरतपुर संभाग दौरा

मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा, श्रीनाथ जी एवं गिरिराज जी तलहटी मंदिर में किए दर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

भरतपुर। भरतपुर संभाग के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी तलहटी मंदिर, श्रीनाथ जी मंदिर एवं बयाना के झील का बाड़ा स्थित अपनी कुलदेवी कैला देवी मन्दिर के दर्शन किए।

मुख्यमंत्री शर्मा ने धर्मपत्नी गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और उनसे आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को गिरिराज जी की तस्वीर भी भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अपने गृह क्षेत्र में जगह-जगह उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने माला पहनाकर तथा पुष्प-गुच्छ व शॉल आदि भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलक्टर लोकबंधु, डीग जिला कलक्टर शरद मेहरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में मिलेगा स्वच्छ विद्यालय अवार्ड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सिरोही। स्वच्छता सर्वेक्षण- 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने और आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नगर परिषद ने शहर के जितने भी निजि और सरकारी विद्यालय है।उसमें स्वच्छता को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत विद्यालय प्रतियोगिता करवाई जा रही है। आयुक्त योगेश आचार्य ने बताया कि शहर के सभी विद्यालय में स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता करवाई जायेगी और श्रेष्ठ स्कूल को स्वच्छ विद्यालय अवार्ड सें सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर नवीन भवन विद्यालय में विद्याथियो को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी साथ ही कुछ प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस कार्यकम में स्वच्छ भारत मिशन से अभियंता मुकेश कुमार ने बच्चो को निबंध लेखनए चित्रकलाए कम्पोस्ट खाद केसे बनाए आदि कार्य करवाये।

खाटू श्याम की भजन संध्या का श्रद्धालुओं ने भोर तक उठाया आनंद

खाटू श्याम का हुआ अलौकिक श्रृंगार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। आस्था मित्र मंडल चंदेरिया, श्रीश्याम रस महोत्सव समिति एवं भंडारी परिवार के संयुक्त तत्वाधान में शहर के कान्हा रिसोर्ट में श्याम अखाड़ा कार्यक्रम हुआ। आयोजक अशोक भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम का श्री गणेश बाबा श्रीश्याम की अखंड ज्यौत एवं पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। अखिलेश ठाकुर की गणपति वंदना से प्रारंभ हुई भजन संध्या अल सुबह छह बजे तक चली। कार्यक्रम में श्री खाटू बाबा का अलौकिक श्रृंगार निकुभ के महेश टॉक एवं उनके मित्र मंडली ने किया। खाटू श्याम के दरबार व ज्योत के दर्शनों के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही इत्र-पुष्प वर्षा, अखंड ज्यौत, छप्पन भोग आदि कार्यक्रम हुए। इससे पूर्व सदस्यों एवं समिति ने सभी भक्तों, भजन गायकों, अतिथियों आदि का साफा, माल्यार्पण, दुपट्टा पहन कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। भजन संध्या के विश्राम पर श्रीखाटू श्याम बाबा की आरती की गई। दूसरे दिन जैन भक्ति कार्यक्रम किया गया। इसमें भजन गायक लाला मस्ताना ने मंत्र नवकार मुझे प्राणों से प्यारा, चिंतामणी मरी चिंता चूर, रूनझुन करता पधारो मेरा भैरूजी आदि जैन व नाकोड़ा भैरूजी के भजनों से उपस्थित श्रोता भाव विभोर होते रहे।

मिट्टी का मिजाज जानना होगा आसान, जिले में खुलेंगी 4 सॉयल टेस्टिंग लैब

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

करौली। किसानों को अब अपने खेत की मिट्टी के मिजाज का पता लगाना अब और भी आसान होगा। उन्हें अब जिला मुख्यालय की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला जाने से निजात मिल सकेगी। कृषि विभाग की ओर से इसके लिए जिले में पंचायत समिति स्तर पर चार सॉयल टेस्टिंग लैब खोली जाएंगी। केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) में सॉयल हेल्थ एवं फर्टिलिटी के तहत के सेहतमंद फसल और अधिक उपज के लिए मिट्टी के मिजाज का बेस तैयार किया जा रहा है। जिसके आधार पर फसलों में पौषक तत्वों की नियत मात्रा वाली उर्वरकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक किसान के खेत की मिट्टी के मिजाज की लगातार तीन वर्ष तक जांच की जाएगी। जिले के डेढ़ लाख से अधिक किसानों की खेतों की मिट्टी के नमूनों की जांच के लिए मण्डरायल, मासलपुर, सपोटरा, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति मुख्यालय पर विलेज लेबल सॉइल टेस्टिंग लैब (वीएलएसटीएल) खोली जाएंगी। कृषि विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर कम्प्यूटर में दक्ष युवाओं व स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियों से आवेदन मांगे हैं।

प्रत्येक लैब में होगी 3 हजार नमूनों की जांच

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में ब्लॉक स्तर पर स्थापित वीएलएसटीएल में प्रति वर्ष 3हजार मिट्टी के नमूनों की जांच की जाएगी। चारों लैब में प्रति वर्ष 12 हजार किसानों के खेतों की मिट्टी के मिजाज कर पड़ताल हो सकेगी। इसे लिए लैब संचालक को सरकार से प्रति नमूना जांच की दर से 300 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगा। वहीं अतिरिक्त 500 नमूनों की जांच राशि 20 रुपए प्रति नमूना देय होगा। जबकि सामान्य तौर पर मिट्टी की जांच के लिए किसान को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क राशि 5 रुपये प्रति नमूना देना होगा।

यूं मिलेगा फायदा

पंचायत समिति स्तर पर मृदा जांच प्रयोगशाला खुलने के बाद किसानों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान में जिला मुख्यालय में ही यह प्रयोगशाला बनी हुई है। जबकि हिण्डौन में प्रयोगशाला कार्मिकों के अभाव में बंद पड़ी है। ऐसे निजी लैबों में भी सरकारी योजना के तहत मिट्टी के नमूनों की जांच हो सकेगी।

फैक्ट फाइल

- » जिले में किसान 1.52 लाख
- » जिले में कृषि भूमि 2.12 लाख हैक्टेयर
- » सिंचित भूमि 70 प्रतिशत

रहमान हेल्प डेस्क की शुरुआत

12 अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों को मिलेगा समाधान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। राजस्थान के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 12वीं में अंग्रेजी विषय को लेकर रहमान हेल्प डेस्क की शुरुआत हुई, जिसकी शुरुआत असरा वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से की गई। असरा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक नूरी ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में काम रही है, जिसमें विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग, फ्री इंडेक्स डेयरी अच्छे अंक लाने वालें विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित करना करती आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष संस्था के सचिव व राउमावि सेंथी के उपप्रधानाचार्य फजलू रहमान के द्वारा आरबीएसई व सीबीएसई की कक्षा 12वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रहमान हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। हेल्प डेस्क में ऑनलाइन मोबाइल व सोशल प्लेटफार्म के माध्यम से विद्यार्थियों को 12वीं बोर्ड के अंग्रेजी प्रश्न पत्र में पेपर पैटर्न, ग्रामर, वोकेबरी इत्यादि में आने वाली समस्याओं के निराकरण बताया जाएगा। साथ की 8से हेल्प डेस्क के माध्यम से राजस्थान के 12वीं कक्षा के हजारों विद्यार्थियों को ऑनलाइन निःशुल्क बढ़ाया जाएगा परीक्षा से संबंधित श्रेष्ठ मार्गदर्शन पीडीएफ प्रश्न उत्तर आदि शेयर किए जाएंगे। कार्यक्रम में असरा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दिक नूरी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सामरी के प्रधानाचार्य अयूब खान, रसायन विज्ञान के व्याख्याता अमजद खान एवं प्रारंभिक शिक्षा के प्रशासनिक अधिकारी असलम खान तथा गणित अध्यापक सुशील कुमार गौड़ एवं अनेक छात्र-छात्र उपस्थित थे।

प्रदेश के किसान सीखेंगे 6 राज्यों की बागवानी, पशुपालन, मछलीपालन और कृषि

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

टोंक। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में किसान हॉस्टल से संस्थान द्वारा संचालित भारत सरकार एवं परिषद की विभिन्न उपयोजनाओं जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, मालपुरा परियोजना एनडब्लूपीएसआई, फार्मर फर्स्ट आदि मे चयनित 70 से ज्यादा लाभार्थी किसानो का दस दिवसीय छ राज्यों (राजस्थान, उतरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश) का एजुकेशनल मय एक्सपोज़र भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा की गई। निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर ने किसानो को दस दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम मे देश की कृषि, पशुपालन, बागवानी, सब्जियाँ, मछलीपालन एवं उनके मूल्य संवर्धन से विभिन्न उत्पादों के बारे मे जानने का सबसे अच्छा अवसर बताया। अविकानगर से दो भ्रमण के टूर अलग रास्ते (एक समूह भरतपुर, मथुरा, करनाल, सोलन एवं कुल्लू तथा दुशरा समूह फेतेपुर, हिसार, लुधियाना से कुल्लू) से जाकर कुल्लू मिलेंगे ओर वहां से एक साथ अविकानगर वापस आयेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान किसान भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत कार्य कर रहे संस्थानों, विश्वविद्यालयों, केवीके और क्षेत्रीय केंद्र पर उपलब्ध तकनिकीयों का भ्रमण के साथ अवलोकन करेंगे। अविकानगर संस्थान के रीजनल स्टेशन गडसा जिला कुल्लू की स्थापना दिवस पर हिमाचल प्रदेश की कृषि ओर पशुपालन की ऊनत तकनिकीयों का भी अवलोकन अविकानगर से पधारे किसान करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयक डॉ अजय कुमार, डॉ पी के मलिक, डॉ गणेश जी सनावाने, डॉ लीलाराम गुर्जर, डॉ अमरसिंह मीना, डॉ दुस्यंतकुमार शर्मा, महेशचंद मीना, जगदीश प्रसाद बैरवा, योगीराज मीना, रमनलाल कलासुवा एवं अन्य कर्मचारियों को किसानो को सफर मे अच्छे से केयर के साथ सभी सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। अविकानगर के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने दी जानकारी।



घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक .....

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर **जागरूक जनता** के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम .....

पता : .....

.....

फोन ..... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) ..... बैंक का नाम .....

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. .....रसीद क्रं. .....

दिनांक ..... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

मुख्यमंत्री का भरतपुर संभाग दौरा

मुख्यमंत्री शर्मा ने बांके बिहारी जी मन्दिर में दर्शन किए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर संभाग दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को भरतपुर किले में स्थित बांके बिहारी जी मन्दिर में दर्शन किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने धर्मपत्नी गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि व उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से आत्मीयतापूर्वक संवाद भी किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को शॉल व श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जगत सिंह, शैलेश सिंह, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलक्टर लोकबंधु सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया एलान

मार्च से ट्रेक पर होगी वंदेभारत स्लीपर ट्रेन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। भारत की रेलपटरियों पर मार्च से शयनयान श्रेणी की वंदेभारत ट्रेन दौड़ना शुरू हो जाएगी। मोदी सरकार लोकसभा चुनाव 2024 से पहले वंदेभारत स्लीपर ट्रेन लांच करने की तैयारी में है। चेन्नई के पेरंबूर इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में दस ट्रेनों को तैयार किया जा रहा है। फरवरी के अंतिम सप्ताह से रोल आउट भी शुरू हो जाएगा।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि इस तय समय में लांच कर दिया जाएगा। नई वंदेभारत स्लीपर ट्रेन की इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट का ट्रायल रन दिल्ली से मुंबई और हावड़ा के बीच करने की तैयारी है। इसके बाद अधिक ट्रेनों को जरूरत के अनुसार तैयार किया जाएगा। रेलवे दिल्ली से देश के किसी भी कोने में 24 घंटे के अंदर रेलयात्रियों को पहुंचने की तैयारी कर रहा है। यह ट्रेन रेलवे के इस मंसूबे को सफल बना सकती है।

कितना होगा किराया?

वंदेभारत स्लीपर ट्रेन का किराया फिलहाल रेलवे बोर्ड अभी निर्धारित किया जा रहा है लेकिन यह साफ है कि आम सुपरफास्ट ट्रेनों के मुकाबले इस ट्रेन का किराया ज्यादा रहेगा। रेल अधिकारियों की माने तो वंदेभारत ट्रेन का किराया विमानन किराए से कम होगा और राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से 15 फीसदी तक ज्यादा हो सकता है।

सर्ज प्राइसिंग होगी लागू

भारतीय रेलवे इस ट्रेन में सर्ज प्राइसिंग लागू करेगी। एक निश्चित किराए के बाद हर टिकट की कीमत बढ़ती जाएगी। विमानों में भी इसी तरह की किराया प्रणाली लागू होती है। इस ट्रेन में यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस से अधिक सुविधा देने की तैयारी है। ऐसे में कई बदलाव भी किए जा रहे हैं।

दो घंटे कम हो जाएगी दूरी

रेलवे अधिकारियों ने बताया दिल्ली-मुंबई ट्रैक सेमी हाईस्पीड ट्रैक है। इस ट्रेन का संचालन परीक्षण इसी ट्रैक पर किए जाने की उम्मीद है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी बताते हैं कि इस वंदेभारत ट्रेन से अगर कोई व्यक्ति यात्रा करता है तो 12 घंटे की यात्रा में उसके दो घंटे बचेंगे। राजधानी एक्सप्रेस करीब 12 घंटे में मुंबई पहुंचाती है तो यह ट्रेन 10 घंटे में ही मुंबई पहुंचा देगी।

मिश्रित होंगे कोच

वंदेभारत स्लीपर में कोच का मिश्रण वातानुकूलित और सामान्य कोच का होगा। हर ट्रेन में 16 से 20 कोच लगाए जाएंगे। इसके कोच को रात्रि यात्रा के लिए तैयार किया जा रहा है। इतना ही नहीं इस ट्रेन में हर श्रेणी में दी जाने वाली तमाम सुविधाओं में परिवर्तन किया जा रहा है। रेलवे पूर्ण एसी और नॉन एसी वंदेभारत स्लीपर ट्रेन भी चलाने की तैयारी में है।

40 हजार कोच होंगे अपडेट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को रेलवे यात्रियों के लिए 40 हजार मौजूदा आईसीएफ कोच को वंदेभारत कोच के समतुल्य बनाने की घोषणा की है। यह सभी कोच अब वंदेभारत ट्रेन कोच के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। इससे अन्य ट्रेनों में भी वंदेभारत ट्रेन की गति जैसा अनुभव और सुविधा मिल पाएगी।

बंद तहखानों का होगा ASI सर्वे!

ज्ञानवापी मामला : 15 को होगी सुनवाई

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

लखनऊ। वाराणसी जिला कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के बंद दूसरे सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) से सर्वे कराने का आदेश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि तहखानों के भीतर ''गुप्त कोठरी'' हैं और ज्ञानवापी मस्जिद का पूरा सच सामने लाने के लिए उनका सर्वे करना जरूरी है. हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तारीख तय की है।

सभी तहखानों का ASI सर्वे की मांग

ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार एवं विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह के वकील अनुपम द्विवेदी ने बताया कि याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का ASI के जरिए सर्वे करने के आदेश देने की गुजारिश की है। दायर याचिका में बंद तहखानों का नक्शा भी शामिल किया गया है।

मस्जिद के अहाते में पूजा-पाठ जारी

वाराणसी जिला कोर्ट ने 1 फरवरी को ज्ञानवापी मस्जिद के अहाते में वाके व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-अर्चना करने का हुक्म दे दिया था। इसके बाद देर रात से तहखाने में पूजा-पाठ शुरू हो गई। ज्ञानवापी मस्जिद के अहाते में 31 साल बाद पूजा-पाठ हो रही है।

रातों रात हुई थी पूजा-पाठ

विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा और राम मंदिर के रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ ने मस्जिद के तहखाने में पूजा कराई थी। इसके बाद पूजा-पाठ का अधिकार काशी विश्वनाथ ट्रस्ट को सौंपा गया। वहीं, कोर्ट के आदेश के बाद रातों-रात तहखाने से बैरिकेडिंग हटा दी गई थी। इसके बाद पूजा-पाठ के लिए मकामी लोग जुटने लगे थे। पूजा-पाठ की शुरुआत कड़े प्रशासनिक सुरक्षा घेरे में शुरू हुई थी।

हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल का हुआ तलाक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

मुम्बई। हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बड़ी बेटी ईशा देओल का तलाक हो गया है। पिछले कुछ समय से ईशा और उनके पति भरत तख्तानी के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। अब ईशा और भरत ने उन खबरों पर मुहर लगाते हुए अलग होने का फैसला किया है। ईशा देओल और भरत तख्तानी शादी के 12 साल बाद अलग हो गए है। बातचीत के दौरान ईशा और भरत ने कहा, "हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमारी लाइफ में होने वाला यह बदलाव हमारे बच्चों के लिए अच्छा रहेगा। आप हमारी प्राइवेसी का सम्मान रखें।"



2012 में हुई थी शादी

ईशा देओल की शादी साल 2012 में बिजनेसमैन भरत तख्तानी के साथ हुई थी। कपल की दो बेटियां, राध्या और मिराया हैं। ईशा और भरत पहले एक परफेक्ट कपल नजर आते थे, लेकिन फिर उनमें काफी अनबन होने लगी। यहां तक कि भरत हेमा मालिनी के बर्थडे में भी नहीं आए थे।

अजित के खेमे को मिला NCP नाम और घड़ी निशान

मुंबई @ जागरूक जनता। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को लेकर बड़ी खबर है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के अगुवाई वाली एनसीपी खेमे को असली एनसीपी पार्टी माना है। आयोग ने दस से अधिक सुनवाई के बाद अजित दादा को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और घड़ी चिह्न सौंपा है। चुनाव आयोग का यह फैसला वरिष्ठ नेता शरद पवार के लिए बहुत बड़ा झटका है। चुनाव आयोग ने छह महीने से अधिक समय में 10 से ज्यादा बार सुनवाई करने के बाद एनसीपी के विवाद का निपटारा किया और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया।

कोर्ट ने 54 साल बाद हिंदू पक्ष को सौंपी 100 बीघा

मजार नहीं ये महाभारत काल का लाक्षागृह है...

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के बागपत के सिविल कोर्ट ने बरनावा के लाक्षागृह और मजार के विवाद में करीब 54 साल बाद बड़ा फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष का वाद खारिज कर दिया। कोर्ट ने लाक्षागृह और इसके आसपास की 100 बीघा जमीन का मालिकाना हक हिंदू पक्ष को दे दिया। मेरठ की अदालत में 1970 में लाक्षागृह टीले को लेकर दायर मामले की सुनवाई बागपत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन कोर्ट में सिविल जज जूनियर डिवीजन-प्रथम कोर्ट में चल रही थी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद जज शिवम द्विवेदी ने मुस्लिम पक्ष का दावा खारिज कर दिया।

जानिए मामला

वर्ष 1970 में मेरठ के सरधना कोर्ट में वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी और बरनावा निवासी मुकीम खान ने वाद दायर किया था। इसमें लाक्षागृह क्षेत्र में स्थित गुरुकुल के संस्थापक ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज को प्रतिवादी बनाते हुए कहा था कि टीले पर सूफी संत शेख बदरुद्दीन की मजार और कब्रिस्तान मौजूद है। यह वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में मौजूद है। उसका इस पर अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया गया कि लाक्षागृह पर मौजूद मजार को हटा दिया गया है। कृष्णदत्त महाराज कब्रिस्तान को खत्म करके हिंदुओं का तीर्थ बनाना चाहते हैं। वर्तमान में मुकीम खान और कृष्णदत्त महाराज दोनों का ही निधन हो चुका है। दोनों पक्ष से अन्य लोग ही वाद की पैरवी कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रतिवादी पक्ष का दावा है कि यह स्थान महाभारतकालीन लाक्षागृह है। यहां उस समय की सुरंगें और टीले मौजूद हैं। इससे साथ ही इस क्षेत्र में 1952 में एएसआइ ने खुदाई कराई थी, जिसमें 4500 वर्ष पुराने मिट्टी के बर्तन मिले थे। महाभारत काल को भी इसी काल का माना जाता है। लाक्षागृह टीला 30 एकड़ में फैला हुआ है। यह 100 फीट ऊंचा है। इस टीले के नीचे एक गुफा भी मौजूद है। वर्ष 2018 में एएसआइ ने इस स्थान की बड़े स्तर पर खुदाई शुरू की तो मानव कंकाल, महल की दीवारें और बस्ती के अवशेष भी मिले थे। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष का वाद खारिज करते हुए 100 बीघा जमीन का मालिकाना हक हिंदू पक्ष को सौंप दिया।



संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

जागरूक खबरें

■ नारायण सेवा संस्थान का नि:शुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह 10-11 को

उदयपुर @ जागरूक जनता। दीन दु:खी दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने एवं उनका घर बसाने के उद्देश्य से नारायण सेवा संस्थान द्वारा विशाल नि:शुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह, 10-11 फरवरी को सेवामहातीर्थ परिसर में आयोजित किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस सामूहिक लग्न समारोह में 102 दिव्यांग और निर्धन युवक-युवतियां परिणय सूत्र में बंधेगी। वर-वधु और उनके परिजनों सहित कन्यादान हेतु आने वाले अतिथियों के लिए सभी व्यवस्थाएं संस्थान द्वारा होंगी।

भाजपा आलाकमान ने तय की पॉलिसी: इस माह राज्यसभा की तीन सीटों पर होने हैं प्रदेश में चुनाव

जिस राज्य का नेता, उसी राज्य से भेजा जाएगा राज्यसभा!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। देश में इस माह राज्यसभा की सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें तीन सीटें राजस्थान की भी हैं। भाजपा इन चुनावों एक नया प्रयोग और करने जा रही है। इसके तहत यदि सब कुछ ठीक रहा तो राज्यसभा में नेता चुनने की नीति में भी बदलाव होगा। अब तक किसी भी राज्य के नेता को किसी भी दूसरे राज्य की राज्यसभा सीट से चुनाव लड़वा दिया जाता था, लेकिन भाजपा अब ऐसा नहीं करने पर गहन मंथन कर रही है और इस विचार का असर आगामी राज्यसभा चुनावों में देखने को मिल सकता है।पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पार्टी के प्रमुख नेताओं ने यह तय किया है कि जिस राज्य का नेता है, उसे यदि राज्यसभा से दिल्ली लाया जाना है तो उसे उसी राज्य की राज्यसभा

सीट से जितवा कर दिल्ली लाया जाएगा। यह पॉलिसी नहीं चलेगी कि राजस्थान का नेता है तो उसे दूसरे राज्य की राज्यसभा सीट से दिल्ली लाया जाएगा। पार्टी ने प्रदेश स्तर के सभी बड़े नेताओं को यह इशारा कर दिया है। इसके बाद पार्टी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार तलाशने में जुट गई है।

भाजपा के तीन सांसद, एक अन्य राज्य के

प्रदेश में राज्यसभा कोटे की दस सीटें है। इनमें से एक रिक्त चल रही है। बाकी बचे 9 सांसदों में से भाजपा के तीन सांसद हैं। इन तीन में से दो तो राजस्थान मूल के ही हैं, जबकि एक भूपेन्द्र यादव (जिनका कार्यकाल खत्म हो रहा है और इसी माह इस सीट पर चुनाव होने हैं) हरियाणा के हैं। यूं तो यादव को आधा राजस्थानी भी माना जाता है। उनका अजमेर से काफी संबंध रहा है। इस बार उन्हें राज्यसभा से दिल्ली भेजा जाएगा या फिर वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। यह भी इस माह साफ हो जाएगा। अन्य दो सांसद जो भाजपा के हैं, उनमें एक घनश्याम तिवाड़ी और दूसरे राजेन्द्र गहलोत हैं।

कांग्रेस में सब कुछ उलटा, मात्र एक सांसद राजस्थान के

राज्यसभा के 9 सांसदों में से वर्तमान में 6 कांग्रेस पार्टी के हैं। इन छह में से राजस्थान मूल के एक मात्र सांसद हैं। राजस्थान के रहने वाले नीरज डांगी को कांग्रेस ने 2020 में राज्यसभा भेजा था। इनके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, प्रमोद कुमार, मुकुल वासनिक, के सी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला का राजस्थान से कोई सम्बन्ध नहीं है।

बाहरी पर उठता रहा है सवाल

राज्यसभा सीटों पर बाहरी राज्यों के नेताओं को लाने पर प्रदेश में दोनो ही दलों में सवाल उठते रहे हैं। इसके पीछे नेताओं का तर्क यह होता है कि जो राज्यसभा चुन कर जाते हैं। अन्य राज्यों का होने के कारण उनका प्रदेश के विकास से किसी तरह का लगाव नहीं होता और ना ही सांसद कोटे का पूरा पैसा खर्च हो पाता है।

राम राज्य के साथ वार्षिकोत्सव संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। "औंस की बूंद सी होती है बेटियां .... " के भाव के साथ केशव विद्यापीठ समिति जामडोली जयपुर द्वारा संचालित ब्रह्मचारी श्री रामानुजाचार्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय केशव विद्या पीठ जामडोली में 3 फरवरी 2024 को वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हमारी बेटियों ने जोश और उत्साह के साथ दी । विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो वास्तव में भगवान राम इस लोक पर आ गए हैं

वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमान ओ पी बैरवा आयुक्त विभागीय जांच अधिकारी IAS , विशिष्ट अतिथि श्रीमान अजीत मांडन, प्रदेश संयोजक आई टी विभाग भाजपा, केशव विद्यापीठ सचिव श्रीमान ओम प्रकाश गुप्ता, अतिरिक्त सचिव श्रीमान अशोक गुप्ता एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमती आशा गोलछा, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता मीणा 'सचिव डॉक्टर सरस्वती मित्तल एवं परिसर स्थित संस्थाओं के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान ओ पी . बैरवा ने बालिका शिक्षा को आज के युग की मेहन्तीआवश्यकता बताई और कहा कि केशव विद्या पीठ द्वारा किए जा रहे बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के कार्यक्रमों को अति शोमानिय एवं प्रसंसनीय बताया । विशिष्ट अतिथि श्रीमान अजीत माडन ने उद्बोधन में बताया कि एक बेटी पढ़कर दो घरों को रोशन करती है । केशव विद्यापीठ सचिव श्रीमान ओपी गुप्ता ने आए हुए समस्त अधिकारियों का परिचय करवाया तथा बताया की बालिकाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सुसंस्कार युक्त राष्ट्र का निर्माण करती है । कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का श्रीमती आशा गोलछा अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति ने स्वागत किया तथा डॉक्टर सरस्वती मित्तल सचिव विद्यालय प्रबंध समिति ने आभार व्यक्त किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा ने विद्यालय प्रतिवेदन पेश कर सभी आगन्तुक अतिथियों को विद्यालय की उपलब्धियां और व्यवस्था के बारे में अवगत कराया । हमारे संवाददाता अनिल जैन ने बताया कि कार्यक्रम की प्रस्तुति में लगभग 700 अभिभावक एवं दर्शक उपस्थित थे ।

इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ 1 करोड़ रूपये का अवार्ड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चित्तौड़गढ़। न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण चित्तौड़गढ़ के पीठासीन अधिकारी अरूण जैन ने दुर्घटना के एक मामले में नेशनल इन्श्योरेंस कंपनी के विरूद्ध 87 लाख 99 हजार रुपये का अवार्ड पारित करते हुए बीमा कंपनी को 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित राशि दो माह में अदा करने का आदेश पारित किया। प्रकरणानुसार 30 जून 2021 को निम्बाहेड़ा तहसील के रानीखेड़ा नई आबादी निवासी लक्ष्मणसिंह पिता भेरूसिंह राजपूत सायंकाल अपनी मोटरसाईकिल लेकर घर से अपने ससुराल नया गांव होते हुए बावल जा रहा था। नया गांव, जावद रोड़ यूनियन गेट के सामने खोर, मध्यप्रदेश के वहाँ पीछे से बल्कर नम्बर आरजे09-जीसी-1756 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। टायर के नीचे आने से घटनास्थल पर ही लक्ष्मणसिंह की मृत्यु हो गई। मृतक की प%ी प्रिति कंवर, बच्चों व वारिसान ने अधिवक्तागण जसवंतसिंह राठौड़, प्रेमसिंह पंवार के मार्फत चित्तौड़गढ़ मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रार्थना पत्र पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मृतक की आय व उम्र को मद्देनज़र रखते हुए यह अवार्ड पारित किया।

5 किसानों को दी मालपुरा नस्ल की 15 भेड़

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

टोंक। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर मे मालपुरा भेड़ के सेक्टर-18 पर संस्थान के मालपुरा परियोजना के एनडब्बूपीएसआई की एससीएसपी उपयोजना के अंतर्गत मालपुरा तहसील के पांच गांवो भीपुर, बाछेडा, कैरवालिया, डिग्गी नुक्कड़, बम्बोरी-अजमेरी के 5 गरीब रेखा से नीचे अनुसूचित जाति के किसानो को कुल 15 मालपुरा नस्ल की भेड़ो (दो मादा एवं एक नर भेड़ प्रति किसान) का वितरण संस्थान मे पधारे डॉ गया प्रसाद पूर्व सहायक महानिदेशक पशु स्वास्थ्य नई दिल्ली, डॉ. बी के जोशी पूर्व निदेशक एबीएजीआर करनाल, डॉ महेश चन्दर पूर्व सुयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा आईवीआरआई बेरली, डॉ विनीत भसीन पूर्व प्रधान वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली, डॉ मीनाक्षी, डॉ ए. के समणता विभाग अध्यक्ष पशु पोषण एनडीआरआई करनाल, निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर, डॉ एस. एस. मिश्रा एजीबी विभाग अध्यक्ष एवं डॉ पी. के. मलिक की मौजूदगी में किया गया। पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ सिद्दार्थ सारथी मिश्रा द्वारा मालपुरा परियोजना मे स्थानीय क्षेत्र के लोगो के लिए किये जा रहे कार्य को विस्तार से अथितियों को बताया गया। निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा भी संस्थान के विभिन्न सेक्टर का भ्रमण संस्थान मे पधारे अथितियों दको करवाया गया। जिसमे सेक्टर-12 पर विभिन्न भेड़ के नस्ल के पशुओ की प्रदर्शनी, सिरोही बकरी, दुम्बा के साथ खरगोश पालन इकाई का भी अवलोकन ओर भ्रमण अथितियों को निदेशक द्वारा करवाया गया। मालपुरा परियोजना एनडब्लूपीएसआई के अन्वेषक डॉ पी के मलिक द्वारा परियोजना मे किये जा रहे प्रयास पर प्रकाश डाला। अविकानगर के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने दी जानकारी।

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 9 से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल -जिफ 2024 का आयोजन इस बार खास होने जा रहा है। जिफ में इस बार टॉप अवॉर्डड 23 नेशनल और इंटरेनशनल फिल्मों की स्क्रीनग होगी। सभी फिल्में अपने आपमें एक दस्तावेज की तरह हैं। इस बार आई 2971 फिल्मों में से 67 देशों की 329 फिल्मों का चयन जिफ 2024 के लिए हुआ है। इनमें से ये टॉप अवॉर्डड फिल्में हैं, जिनकी स्क्रीनिंग की जा रही है। जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने यह जानकारी दी।

विशाल हनुमान चालीसा 10 को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। 10 फरवरी को श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति संरक्षक एवं अध्यक्ष श्री अमरनाथ जी एवं श्री सालासर बालाजी पुजारी परिवार के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होने जा रहा है इसके कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन पीएचडीसीसीआई राजस्थान चैप्टर मेंबर द्वारा किया गया इस दौरान, डॉ. प्रो.अतुल गुप्ता ,दिग्विजय सिंह डाबरिया,सुमर सिंह शेखावत,अमित चौधरी,जितेंद्र सिंह राठौड़,राकेश कुमार गुप्ता,हरिराम रिणवा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

डॉ अतुल गुप्ता अखिल

भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि 10 फरवरी को सालासर महाराज के दरबार में संपूर्ण भारत देश से लगभग 20000 से अधिक हनुमान भक्त पहुंच रहे हैं। सालासर दरबार में मुख्य द्वार के बाहर भव्य मंच का आयोजन किया जा रहा है इस मंच के माध्यम से संपूर्ण भारत देश में 8:09 पर 100 करोड लोगों को हनुमान भक्ति से जोड़कर के राष्ट्र कल्याण का संकल्प लिया जाएगा डॉ अतुल गुप्ता ने बताया कि बालाजी सरकार के दरबार से राजस्थान राज्य को जहर मुक्त केमिकल मुक्त राज्य बनाने को आधारित राज्य की संरचना के ऊपर विशेष संकल्प लेकर के और बालाजी सरकार का झंडा लेकर के संपूर्ण राज्य में इस प्रकार के आयोजन बालाजी सरकार के ध्वज के माध्यम से किए जाएंगे।

सिंगल विण्डो प्लेटफार्म के रूप में कार्य कर रहा है राज किसान साथी पोर्टल

राजस्थान के कृषि क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का बढ़ रहा उपयोग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी व आवेदन राज किसान सुविधा पोर्टल से कर सकते हैं। पोर्टल से आवेदन की प्रक्रिया को और भी सरल बनाया गया है। साथ ही इस पोर्टल से आवेदन की पेपरलैस कार्य प्रणाली को अपनाया गया है ताकि समय की बचत हो और कार्य में पारदर्शिता आये।

कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि यह एक क्रान्तिकारी परिवर्तन साबित हो रहा है, जिससे किसानों को न तो फाइल जमा करवाने के लिए दफ्तर जाना पड़ता है और न ही आवेदन की स्थिति का पता लगाने के लिए चककर काटने पड़ते है। पोर्टल के तहत अब आवेदनों पर ऑनलाईन निगरानी रख सकते हैं। किसान साथी पोर्टल की सहायता से कृषक जनाधार द्वारा आवेदन कर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं कृषि विपणन से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 12 लाख से अधिक किसान इस पोर्टल का उपयोग कर चुके है। किसानों को राहत

पहुंचाने और उनके कार्य में सरलता और सुगमता लाने में किसान साथी पोर्टल कारगर सिद्ध हो रहा है। अब तक लगभग 3 लाख से अधिक किसानों को 1600 करोड़ रूपये प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान किये जा चुके है। किसान साथी पोर्टल के माध्यम से बीज, उर्वरक व कीटनाशी के लाईसेन्स भी जारी करने की सुविधा प्रदान की गई है।

राज किसान साथी पोर्टल पर बनाये गये मोबाइल ऐप

- » राज किसान सुविधा ऐप - राज्य सरकार द्वारा खेती से जुड़ी योजनाओं और अनुदान की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए इस ऐप को बनाया गया है।
- » राज किसान क्रेता-विक्रेता मोबाइल ऐप - कृषि जींस खरीददार और विक्रेताओं के पंजीयन के लिए राज किसान क्रेता-विक्रेता मोबाइल ऐप बनाया गया है।
- » राज किसान साथी वेरिफिकेशन मोबाइल ऐप - इस ऐप के माध्यम से क्षेत्र निरीक्षण की स्थिति में मौका रिपोर्ट और मौके पर जियोटैग्ड फोटोग्राफ अपलोड किये जाते है। जनाधार के माध्यम से किसानों की समस्त जानकारी ऐप पर उपलब्ध हो जाती है। इस ऐप की सहायता से किसानों को अलग-अलग फसल के बीज मिनिकिट भी वितरित किये जाते है। अब तक 75 लाख से अधिक बीज मिनिकिट इसके माध्यम से ऑनलाईन वितरित किये जा चुके है।
- » राज किसान खजूर ऐप - खजूर के पौधों की खरीद-बिक्री के लिए किसानों द्वारा इस ऐप का उपयोग किया जा रहा है।
- » राज किसान जैविक ऐप - जैविक उपज करने वाले किसान और जैविक उपज के व्यापारी इस पर अपना पंजीकरण करवा सकते है।
- » राज एग्री क्यूसी मोबाइल ऐप - बीज, उर्वरक और कीटनाशी की गुणवत्ता जांच के लिए सेम्पल लेने की प्रक्रिया को इस ऐप के माध्यम से ऑनलाईन किया जा रहा है। अब तक 62 हजार से ज्यादा सेम्पल इसके माध्यम से ऑनलाईन लिये जा चुके है।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र
जो दिखेगा वही बिकेगा
जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।
आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ
विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्पले प्रॉपर्टी वैवाहिक
विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070